वर्ष : 33 ▸ अंक : 143 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 8 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




▸▸ तीनों दलों ने मिलकर बैठक में एमवीए के मेनिफेस्टो को लेकर की चर्चा

### राज्य के लोग अब केवल चुनाव का इंतजार कर रहे हैं

वडेट्टीवार ने ये भी बताया कि कैसे राज्य में एमवीए की सरकार आए और मौजूदा सरकार को हटाया जाए, इस पर भी बात हुई। राज्य के लोग अब केवल चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। अंबादास दानवे (शिवसेना उद्धव गुट के नेता) ने आरोप लगाया कि किसी भी प्रकार की योजना का स्वागत है लेकिन बीजेपी अल्पसंख्यकों के लिए काम नहीं करती है।

## 16 अगस्त को एमवीए का महासम्मेलन

# 20 को कांग्रेस करेगी चुनावी शंखनाद

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र कांग्रेस की बैठक के बाद महाराष्ट्र में एमवीए (महा विकास अघाड़ी) के नेताओं की भी एक बैठक हुई। इसमें शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी (शरद गुट) और कांग्रेस के नेता शामिल हुए। मुंबई में 16 अगस्त को एमवीए का महासम्मेलन होगा। वहीं, 20 अगस्त को कांग्रेस राजीव गांधी की जयंती पर चुनावी शंखनाद करेगी। इस बैठक में चुनावी मेनिफेस्टो सहित प्रचार की संयुक्त रूप से रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती पर मुंबई में कांग्रेस द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। बैठक के बाद विजय वडेट्टीवार ने कहा कि तीनों दलों ने मिलकर बैठक में एमवीए के मेनिफेस्टो को लेकर चर्चा की।

### चुनाव और सीट बंटवारे पर भी चर्चा होगी : विजय वडेट्टीवार



उन्होंने बताया कि मेनिफेस्टो का काम जोर शोर पर है। 16 अगस्त को मुंबई में सभी दलों के पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित होगा। 20 अगस्त को एक बड़ी रैली का आयोजन होगा। इसमें राहुल गांधी भी होंगे। साथ ही चुनाव और सीट बंटवारे पर भी चर्चा होगी।

### घोषणापत्र में इन मुद्दों को प्रमुखता देगी कांग्रेस

महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी अपने घोषणापत्र में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों और युवाओं के मुद्दों को प्रमुखता देगी। घोषणापत्र समिति की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण करेंगे। दक्षिण मुंबई के पार्टी कार्यालय में पार्टी की कोर समिति की बैठक में उन्होंने ये बात कही। महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अक्टूबर में होने की संभावना है। पटोले ने कहा कि राज्य की जनता पहले ही लोकसभा चुनाव में राज्य सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर चुकी है।

### नौ अगस्त को पुणे से जनसंपर्क यात्रा शुरू करेगी राकांपा (एसपी)

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले, शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नौ अगस्त को पुणे में छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली से एक जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू करेगी। पार्टी के एक नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी। राकांपा (एसपी) की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल जनसंपर्क कार्यक्रम 'शिव स्वराज्य यात्रा' का नेतृत्व करेंगे, जो पुणे के जुन्नार तालुका में शिवनेरी किले से आरंभ होगी। पाटिल ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'यह यात्रा महाराष्ट्र के आत्मसम्मान की लड़ाई है और सत्तारूढ़ महायुति को हराने की लड़ाई है।'

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### शिक्षा के अधिकार को लेकर लापरवाही, चार राज्यों में अब तक RTE लागू नहीं

**नई दिल्ली।** छह से चौदह साल की उम्र के सभी बच्चों को नजदीक के स्कूल में निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा मुहैया कराने से जुड़े आरटीई ( राइट




टू एजुकेशन ) कानून को लागू हुए करीब 15 साल होने को है, लेकिन अभी भी पंजाब, पश्चिम बंगाल, केरल और तेलंगाना ऐसे राज्य है, जिन्होंने इस कानून को नहीं अपनाया है।केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी और राज्यों से अपील की कि वह गरीब व कमजोर वर्गों के बच्चों के हितों का ध्यान में रखते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करें। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान आरटीई को लेकर आप और कांग्रेस की ओर से सवाल पूछे गए थे। इस सवाल का जवाब पहले शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दिया और बताया कि सभी बच्चों को हर हाल में स्कूली शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली/मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने वन भूमि पर इमारतों के निर्माण से प्रभावित व्यक्ति को मुआवजा नहीं देने के मामले में जवाब दाखिल न करने पर महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार पर लाडली बहना और लड़का भाऊ जैसी मुफ्त योजनाओं के लिए धन है, लेकिन जमीन के नुकसान का मुआवजा देने के लिए पैसा नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार को 13 अगस्त जवाब दाखिल करने के लिए कहा। इस दौरान पीठ ने कहा कि अगर आदेश का पालन नहीं होता है तो मुख्य सचिव अदालत में पेश होंगे। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को अदालत के हर आदेश को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

### शरद पवार धारावी के पुनर्विकास के लिए मुंबई को बर्बाद नहीं होने देंगे: उद्धव

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अडाणी समूह को दी गई धारावी पुनर्विकास परियोजना का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार किसी को भी मुंबई को नष्ट करने की इजाजत नहीं देंगे। ठाकरे की यह टिप्पणी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ पवार की दो लगातार बैठकों के कुछ दिन बाद आई है। माना जाता है इन बैठकों में धारावी पुनर्विकास परियोजना पर चर्चा हुई थी। ठाकरे ने कहा, मेरा रुख स्पष्ट है। अडाणी मेरे दुश्मन नहीं हैं, लेकिन अगर कोई मुंबई को बर्बाद करने आएगा, तो मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा...और मुझे नहीं लगता कि पवार किसी को मुंबई को बर्बाद करने देंगे।

---

# भरूच और ठाणे से 831 करोड़ की मेफेड्रोन-फाइटर ड्रग्स जब्त

## चार लोग गिरफ्तार, गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता । ठाणे/भरूच**

गुजरात ATS ने महाराष्ट्र के ठाणे और भरूच में दो दवा निर्माता कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए 831 करोड़ रुपए के लिक्विड ड्रग्स जब्त किए। साथ ही चार लोगों को पकड़ा है। एटीएस ने ठाणे में एक दवा निर्माता कंपनी के कारखाने पर कार्रवाई की और 800 करोड़ का मेफेड्रोन जब्त किया। इसके अलावा भरूच में भी एक फार्मास्यूटिकल फैक्टरी में छापेमारी करके 31 करोड़ का फाइटर ड्रग ट्रामाडोल बरामद किया। ट्रामाडोल को फाइटर ड्रग इसलिए कहा जाता है क्योंकि आईएसआईएस आतंकी देर तक जागने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। एटीएस ने दोनों ड्रग्स को तरल रूप में बरामद किया।

### एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने दी जानकारी



एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस की एक टीम ने पांच अगस्त को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा। यहां से 800 किलो मेफेड्रोन ड्रग को तरल रूप में जब्त किया गया। मौके से मोहम्मद युनूस शेख और उसके भाई आदिल शेख को पकड़ा गया। ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 800 करोड़ रुपए बताई गई है।

### जांच में बड़ा खुलासा

जांच में सामने आया कि आठ महीने पहले दोनों भाइयों ने मेफेड्रोन बनाने के लिए फ्लैट को किराये पर लिया था। उनका पिछला माल फेल हो गया था। मगर इस बार वे मेफेड्रोन लिक्विड को पाउडर बनाने की तैयारी में लगे थे। करीब-करीब यह तैयार भी हो गया था। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को सूरत में कार्रवाई के दौरान जब्त की गई 51 करोड़ की दवाओं के साथ पकड़े गए तीन लोगों ने पूछताछ के दौरान शेख भाइयों के ड्रग्स कारोबार में शामिल होने की जानकारी दी थी। इसी तरह एटीएस ने भरूच ने एक फार्मास्युटिकल यूनिट पर छापेमारी करते हुए 31 करोड़ के लिक्विड फाइटर ड्रग ट्रामाडोल के साथ दो लोगों को पकड़ा। डीआईजी जोशी ने बताया कि मौके पंकज राजपूत और निखिल कपूरिया को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पंकज राजपूत कारखाने में रसायन बनाने का काम करता है। जबकि कपूरिया रसायन फर्म का मालिक है। कपूरिया ने राजपूत को ट्रामाडोल का उत्पादन करने के लिए कहा था। उन्होंने अहमदाबाद के हर्षद कुकड़िया की फर्म से कच्चा माल खरीदा था। दोनों ट्रामाडोल तैयार करके उसे लिक्विड के रूप में कुकड़िया को भेजते थे। कुकड़िया तरल से टैबलेट बनाने के लिए गांधीनगर की एक फैक्टरी में भेजता था। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि 29 जुलाई को मुंद्रा पोर्ट से पकड़ी गई ट्रामाडोल की गोलियां भी उन्होंने ही बनाई थीं। पुलिस ने बताया कि दो आरोपी पकड़े हैं। अन्य की तलाश चल रही है।

---

# महाराष्ट्र कैबिनेट में लॉजिस्टिक्स पॉलिसी मंजूर

## बुनियादी ढांचा किया जाएगा विकसित

**दीपक पवार । मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कैबिनेट बैठक में महाराष्ट्र लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2024 को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत राज्य में 2029 तक 10 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में समर्पित लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा।



### अगले 10 वर्षों के विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई यह नीति

महाराष्ट्र लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2024 राज्य आर्थिक सलाहकार परिषद की अनुशंसाओं के अनुरूप तैयार की गई है। यह नीति अगले 10 वर्षों के विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इस पालिसी से प्रदेश में लगभग 5 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इससे करीब 30 हजार 573 करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। इस क्षेत्र में घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ महाराष्ट्र को विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक हब बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस नीति को तैयार करने में महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट, राज्य सड़क विकास निगम, एमएमआरडीए, सिडको, महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी शामिल रहे हैं।

### इस नीति से नवी मुंबई से पुणे तक का क्षेत्र बनेगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार और उद्योग का एक प्रमुख केंद्र

इस नीति के तहत राज्य में 2029 तक 10 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में समर्पित लॉजिस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। यह पनवेल में नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़े नवी मुंबई-पुणे क्षेत्र में 2 हजार एकड़ में एक अंतरराष्ट्रीय मेगा लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित करेगा। चूंकि तलोजा, पातालगंगा, रसायनी, खोपोली, महाड, रोहा, चाकन, तलेगांव की औद्योगिक संपदाएं इससे जुड़ी हुई हैं। नवी मुंबई से पुणे तक का क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार और उद्योग का एक प्रमुख केंद्र बन जाएगा। इस हब के विकास के लिए पंद्रह सौ करोड़ रुपए दिये जायेंगे।

---

### लाडली बहना योजना के 7000 आवेदन पत्र खारिज

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। महाराष्ट्र सरकार ने नारी शक्ति को मजबूती देने के लिए बजट में लाडकी बहिण योजना की घोषणा की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में इसी महीने एक साथ दो किश्त यानी कुल तीन हजार रुपए जमा किए जाएंगे। राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के मौके पर लाभार्थी महिलाओं के खाते में लाडली बहना के 3000 रुपए जमा करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, अधिकारियों ने लाडकी बहिण योजना के लिए प्राप्त एक करोड़ आवेदनों की जांच पूरी कर ली है। इसमें से 7,000 आवेदन पत्र खारिज किये गए हैं।

---

**पालघर ट्रेन गोलीबारी कांड**

## पूर्व RPF कर्मी पर आरोप तय

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई की एक अदालत ने बुधवार को पालघर में एक चलती ट्रेन में चार लोगों की गोली मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी पर शत्रुता को बढ़ावा देने और हत्या के आरोप तय किए। इसके बाद उसके खिलाफ मामले में मुकदमा शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पिछले साल पालघर में एक चलती ट्रेन में लवे सुरक्षा बल के बर्खास्त कॉन्स्टेबल चेतन सिंह चौधरी ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कोर्ट ने आरोपी पर धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और हत्या के आरोप तय किए है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई से करीब 550 किलोमीटर दूर अकोला की एक जेल में बंद चौधरी को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसके खिलाफ आरोप तय किए। यह घटना पिछले साल 31 जुलाई को महाराष्ट्र में पालघर रेलवे स्टेशन के पास जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस में हुई थी। चौधरी को बाद में भागने की कोशिश



करते हुए पकड़ लिया गया था और उसके पास से हथियार भी बरामद किया गया था। यात्रियों ने ट्रेन की चेन खींच दी थी, जिसके बाद ट्रेन मीरा रोड स्टेशन (मुंबई उनगरीय नेटवर्क) पर रुक गई थी। चौधरी ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहायक उपनिरीक्षक टीका राम मीणा और तीन अन्य यात्रियों को चलती ट्रेन में कथित तौर पर गोली मार दी थी।

### पहले स्वीकार किया दोष, फिर मुकरा

उस पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 153-ए (धर्म, जाति, जन्मस्थान, निवास, भाषा, आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और अन्य तथा रेलवे अधिनियम एवं महाराष्ट्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोप तय किए गए हैं। जब अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन एल मोरे ने अपराध के बारे में आरोपी से सवाल किए, तो चौधरी ने अनजाने में दोष स्वीकार कर लिया। हालांकि, जब उसके वकीलों ने बात की, तो उसने अपना बयान बदलकर खुद को बेकसूर बताया।

---

# शिरूर से गायब हो रहे हैं लोग, एक महीने में 5 लापता

**दोपहर संवाददाता । पुणे**

पुणे का शिरूर तालुका इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां एक महीने में पांच लोग




अचानक से लापता हो गए हैं। जिसको लेकर तनाव बढ़ गया है। इनमें महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हैं। इसके साथ ही इनमें नाबालिग लड़कियां भी शामिल हैं। अचानक लोगों के गायब होने से लोगों में दहशत का माहौल है। इस मामले को लेकर थाने में भी शिकायत दर्ज करायी गयी है। वहीं पुलिस भी अचानक गायब हो रहे लोगों के कारण समंजस में है। जनाकारी के मुताबिक 44 साल महिला सुमन सखाराम साल्वे अपने 18 साल के बेटे जीवन सखाराम साल्वे के साथ ओल्ड शिरूर (रामलिंगम) से लापता हो गई हैं। बीते रविवार सुबह सात बजे सुमन और उसका बेटा जीवन घर से निकल गए। लेकिन देर रात तक वो घर वापस नहीं लौटे। इस बीच सुमन ने अपने पति सखाराम साल्वे के मोबाइल पर मैसेज भेजा था। बताया जा रहा है कि मैसेज में उसने कहा था कि वो लोग घर से इसीलिए जा रहे हैं क्योंकि स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी परेशानी पैदा कर रहे हैं।

---

# बीएमसी अधिकारी पर मामला दर्ज

## प्रॉपर्टी डेवलपर से दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप

**धीरज सिंह । मुंबई**

भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने एक प्रॉपर्टी डेवलपर से उसकी इमारत की अवैध मंजिलों को न गिराने के एवज में दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान मंदर अशोक तारी के रूप में हुई है। वह अंधेरी ईस्ट स्थित बीएमसी के के. ईस्ट वार्ड कार्यालय का अधिकारी है।

### केस फाइल




उन्होंने बताया कि एसीबी की मुंबई इकाई ने मंगलवार को दो अन्य आरोपी मोहम्मद शहजादा यासीन शाह (33) और प्रतीक विजय पिसे (33) को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रॉपर्टी डेवलपर से रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर 75 लाख रुपए ले रहे थे। अधिकारी ने बताया कि प्रॉपर्टी डेवलपर ने घाटकोपर स्थित अपनी चार मंजिला इमारत में दो और मंजिलों का निर्माण किया था, जो अवैध थीं। अधिकारी ने बताया कि तारी ने अवैध मंजिलों को नहीं गिराने के लिए डेवलपर से दो करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर एसीबी ने जाल बिछाया और शाह तथा पिसे को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 75 लाख रुपए लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तारी और दो गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

---

# सीएम एकनाथ शिंदे ने कैबिनेट मीटिंग में लिए कई बड़े निर्णय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मुंबईः मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक में 13 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस की तैयारी समेत जल संसाधन विभाग, किसान, आदिवासी और वन विभाग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अगले सप्ताह 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस होने के कारण हर घर में तिरंगा अभियान को लेकर भी कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया है। 9 अगस्त से राज्य के हर घर में बड़े पैमाने पर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इसमें पांच लाख घरों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में किसान आत्महत्या वाले जिलों में बड़े पैमाने पर सिंचाई के लिए महत्वाकांक्षी वैनगंगा-नलगंगा नदी जोड़ परियोजना को मंजूरी दी गई है। इसमें चार लाख हेक्टेयर से अधिक की सिचाई होगी। बैठक में राज्य में बिना अनुमति के पेड़ तोड़ने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया गया है। छोटे शहरों में बुनियादी ढांचे की कमी को लेकर भी चर्चा हुई। कैबिनेट की बैठक में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार समेत कई मंत्री मौजूद रहे। बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग, किसान, आदिवासी और वन विभाग के लिए 12 विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की गई। इसके अनुसार, राज्य में बिना अनुमति के पेड़ तोड़ने पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। पहले यह जुर्माना 1000 रुपए था। बिना अनुमति के जंगल को नष्ट करने वालों के खिलाफ वन विभाग कार्रवाई कर रहा है।



### कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय

- किसान आत्महत्या वाले जिलों में बड़े पैमाने पर सिंचाई के लिए महत्वाकांक्षी वैनगंगा-नलगंगा नदी जोड़ परियोजना को मंजूरी, चार लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा।
- अब प्रोजेक्ट प्रभावित लोगों को मिलेंगे फ्लैट, नीति का अनुमोदन।
- छोटे शहरों में बुनियादी सुविधाओं में आएगी तेजी, इसके लिए ऋण जुटाने की मिली मंजूरी।
- आदिवासी संभाग में प्राथमिक शिक्षकों के लिए शिक्षा योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए इसकी अवधि दो वर्ष बढ़ाई गई।
- अनुसूचित जाति जनजाति का जाति, वैधता प्रमाण पत्र प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयां दूर होंगी। इसके लिए अधिनियम में संशोधन का निर्णय लिया गया।
- राज्य में बिना अनुमति पेड़ काटने पर 50 हजार रुपए जुर्माना।
- महाराष्ट्र लॉजिस्टिक्स नीति लागू करेगा। पांच साल में तीस हजार करोड़ की आय होगी।
- कागल में आयुर्वेद महाविद्यालय, अज़रा तहसील में योग और प्राकृतिक चिकित्सा कॉलेज को मंजूरी।
- सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीश, मुख्य न्यायाधीश के लिए हाउस वर्कर, ड्राइवर सेवा को मंजूरी।
- सेना कल्याण शैक्षणिक संस्थान और राधा कल्याणदास दरयानानी चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए स्टांप शुल्क में 100 प्रतिशत छूट।
- जुन्नार की श्री कुकडेश्वर आदिवासी हिरदा औद्योगिक सहकारी समिति को वित्तीय सहायता।
- अल्पसंख्यक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना को मंजूरी।
- 9 अगस्त से प्रदेश में बड़े पैमाने पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। ढाई करोड़ घरों पर फहराया जाएगा तिरंगा। विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

# 5वीं मंजिल से 3 साल की बच्ची के ऊपर गिरा कुत्ता

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

मुंबई से सटे ठाणे में तीन साल की एक बच्ची की दुखद हादसे में मौत हो गई। बच्ची एक महिला के साथ सड़क पर पैदल जा रही थी। तभी एक इमारत की पांचवीं मंजिल से कुत्ता उसके ऊपर गिर गया। इस दुर्घटना में मासूम बुरी तरह घायल हो गई। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह दर्दनाक घटना मंगलवार की है। ठाणे जिले के मुंब्रा इलाके के अमृत नगर से घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो में सड़क पर तीन साल की बच्ची एक महिला के साथ पैदल चलती दिखाई दे रही है। अमृत नगर के चिराग मेसन इमारत के पास से जैसे ही बच्ची गुजरने लगती है, तभी पांचवी मंजिल से एक कुत्ता नीचे सड़क पर चल रही मासूम पर गिर जाता है।

## मासूम ने गंवाई जान

### सड़क पर चल रही बच्ची पर अचानक गिर गया कुत्ता



वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्ची पर कुत्ता गिरने के बाद एक पल के लिए आसपास के लोग सकपका जाते हैं, कि आखिर हुआ क्या। फिर अगले ही पल सड़क पर गिरी बच्ची को साथ चल रही महिला गोद में उठाकर दौड़ने लगती है। वीडियो में दिख रहा है कि बच्ची के ऊपर भारी-भरकम कुत्ता के गिरने से वह अचेत हो गई।

### इलाज के दौरान बच्ची की मौत

इस हादसे से बच्ची की हालत इतनी गंभीर हो गई कि महिला उसे गोद में उठाकर दौड़ते हुए पास के अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। वहीं पांचवीं मंजिल से गिरने के बाद भी कुत्ते को कुछ नहीं हुआ। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुत्ता कुछ देर तक नीचे पड़ा रहा, उसके बाद उठकर धीरे-धीरे वहां से चला गया।

### कुत्ते को भी इलाज के लिए ले गए लोग

जिस कुत्ते के ऊपर से नीचे गिरने के कारण तीन साल की बच्ची की मौत हुई। उस पालतू कुत्ते के मालिक का नाम जैद सैय्यद बताया जा रहा है और यह शख्स मुंब्रा के अमृत नगर में चिराग मेंशन का निवासी है। वहीं घटना की जानकारी मिलते प्राणी प्रेमी मुजना ने इस कुत्ते को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई है। वहीं घटना की जानकारी मुंब्रा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मुंब्रा पुलिस इस पूरे मामले की आगे जांच पड़ताल करने में जुटी है।

# डेढ़ सौ विद्यार्थियों का उपचार जारी



**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले में आश्रम विद्यालयों के फूड प्वाजिंग से पीड़ित लगभग 150 छात्र अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं और उनके स्वास्थ्य पर डॉक्टर द्वारा नजर रखी जा रही है। मंगलवार को दहानू तालुका में आदिवासी विद्यार्थियों के लिए आवासीय सुविधाएं मुहैया कराने वाले 20 आश्रम विद्यालयों के 250 विद्यार्थी जहरीला खाना खाने के कारण बीमार पड़ गए।

### 150 छात्र अभी भी विभिन्न अस्पतालों में भर्ती

अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को कलमगांव स्थित केंद्रीय रसोईघर से मंगाया गया भोजन खाने के कुछ घंटे बाद ही उन्हें जी मिचलाने, उल्टी और चक्कर आने जैसी समस्याएं होने लगीं।लगभग 150 छात्र अभी भी विभिन्न अस्पतालों में भर्ती है और उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है, जबकि अन्य को छुट्टी दे दी गई है।

### किसी की भी हालत गंभीर नहीं

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। अधिकारियों को अब भी उपचार करा रहे छात्रों के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी एकत्र करने के लिए कहा गया है।जिलाधिकारी गोविंद बोडके ने बताया कि राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं में भेज दिया है।

# 'माझी लाड़की बहिन' योजना के ठाणे जिले में साढ़े 5 लाख आवेदन

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

'मुख्यमंत्री-मेरी प्यारी बहना' योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना को ठाणे जिले में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर ठाणे जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे ने कुछ दिनों पहले जिला प्रशासन से अपील की थी कि सभी को इस योजना में अधिक से अधिक बहनों का नामांकन करके ठाणे जिले को राज्य में शीर्ष पर लाने का प्रयास करना चाहिए। इस अपील के बाद "मुख्यमंत्रीः मेरी प्यारी बहना" योजना के तहत 6 अगस्त 2024 तक जिले में 5 लाख 47 हजार 870 आवेदन पंजीकृत किये गये हैं ।तथा शत-प्रतिशत आवेदनों की जांच की जा चुकी है। ठाणे कलेक्टर अशोक शिंगारे ने बताया कि स्वीकृत आवेदनों की संख्या 4 लाख 76 हजार 258 है।



# बिजली चोरों पर बड़ी कार्रवाई

## 46 लाख रुपए की बिजली चोरी के आरोप में 122 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में महावितरण का बिजली चोरों के खिलाफ व्यापक अभियान लगातार जारी है। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं जो उपभोक्ता बिजली चोरी का भुगतान करने से बच रहे है उप पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामले भी दर्ज किए जा रहे है।



महावितरण के टिटवाला उपविभाग में बिजली चोरों के खिलाफ व्यापक अभियान लगातार जारी है। बीते जुलाई माह में उपमंडल के मांडा, गोवेली, कोन व खड़वली शाखा कार्यालयों के माध्यम से छापेमारी कर 122 लोगों से 46 लाख रुपए की बिजली चोरी का खुलासा हुआ था। कार्रवाई के बाद समय पर बिजली चोरी का भुगतान करने से बचने वाले 122 लोगों के खिलाफ मुरबाड पुलिस स्टेशन में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त कार्रवाई महावितरण कल्याण परिमंडल के मुख्य अभियंता चंद्रमणि मिश्रा और कल्याण मंडल के अधीक्षण अभियंता दिलीप भोले के मार्गदर्शन में की गई।

# ट्रैफिक जाम समस्या के लिए निर्माण विभाग व ठेकेदार जिम्मेदार

## नवनिर्वाचित सांसद ने लगाया गंभीर आरोप



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

पिछले 15 दिनों से मुंबई नासिक हाईवे,भिवंडी - ठाणे, भिवंडी -कल्याण, भिवंडी- वाडा और मानकोली - अंजुरफाटा-चिंचोटी के साथ-साथ शहर के अंजुरफाटा -धामनकर नाका- वंजारपट्टी नाका रोड पर भीषण जाम लग रहा है। इस विकट समस्या से नागरिकों को छुटकारा व समाधान के लिए भिवंडी लोकसभा के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा लगातार दो दिनों से सड़क पर है। सांसद बाल्या मामा ने आरोप लगाया कि भिवंडी में लगातार ट्रैफिक जाम के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग और उनके अधिकार क्षेत्र में काम करने वाले ठेकेदार जिम्मेदार है।

### ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर बैठक

*गौरतलब हो भिवंडी में ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर मानकोली स्थित कार्यालय में सुरेश म्हात्रे की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में बाल्या मामा ने अधिकारियों और ठेकेदारों पर सीधे आरोप लगाए। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के कार्यकारी अभियंता कल्याण छोरिया, उप अभियंता आर.ए.डोंगरे, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता तांबे, उप अभियंता दत्तू गीते,योगेश परदेशी, वरिष्ठ यातायात पुलिस निरीक्षक श्रीकांत सोंडे सहित खारेगांव से वडपा तक सड़क चौड़ीकरण का ठेका लेने वाली रचना कंस्ट्रक्शन और मेहन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के अधिकारी उपस्थित थे।*

# गणेशोत्सव के लिए ठाणे मनपा की निशुल्क मिट्टी और जगह की पेशकश

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**




ठाणे नगर निगम क्षेत्र में पर्यावरणाकूल गणेशोत्सव के आयोजन के लिए मार्च माह से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत मनपा ने ठाणे मनपा क्षेत्र में 06 मूर्ति निर्माताओं को निःशुल्क शाडू मिट्टी और 04 मूर्ति निर्माताओं को मूर्ति बनाने के लिए निःशुल्क स्थान उपलब्ध कराया है।

### पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव विनियम-2024 प्रकाशित

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है कि मनपा के पर्यावरण विभाग को ठाणे मनपा क्षेत्र में गणेशोत्सव को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों, मूर्तिपूजक संघों, स्वैच्छिक संगठनों की मदद लेनी चाहिए। आयुक्त राव ने सुझाव दिया कि इन सभी के सहयोग से हम इस महोत्सव को और अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इसके बाद, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार, ठाणे नगर निगम ने मार्च महीने में पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव विनियम-2024 प्रकाशित किया।

### पर्यावरण विभाग ने खाली जगह की मांग की

इसी पहल में, ठाणे महानगर पालिका के पर्यावरण विभाग ने शाडू के लिए मुफ्त मिट्टी के साथ-साथ मूर्तियाँ बनाने के लिए भी मुफ्त जगह उपलब्ध कराई। छह मूर्तिकारों ने मुफ्त मिट्टी के लिए शादू के आह्वान का जवाब मांग दर्ज करके दिया है। इसलिए, चार मूर्तिकारों ने शाडू की मिट्टी की मूर्तियां बनाने के लिए खाली जगह की मांग की है। तदनुसार, ठाणे नगर निगम के द्वारा वर्तक नगर वार्ड समिति क्षेत्र में 03 सीटें और माझीवाडा मानपाड़ा वार्ड समिति क्षेत्र में 01 सीट आवंटित कीं गई। इस बीच, ठाणे नगर निगम ने पहली बार पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव के आयोजन के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए विष्णुनगर में ठाणे महा नगरपालिका स्कूल नंबर 19 में पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियों, मखर आदि की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। वहां गत्ते, कागज, कोकोपीठ, शाडू, लालमाटी, कागज के मखरा आदि से बनी मूर्तियां रखी हुई थीं। इस प्रदर्शनी के साथ-साथ पर्यावरण सतर्कता मंडल के समन्वय से नागरिकों के लिए शाडू मिट्टी से गणपति बनाने की कार्यशाला भी आयोजित की गई। मनीषा प्रधान ने कहा कि इस प्रदर्शनी सामग्री के बारे में अधिक जानकारी और संपर्क जानकारी ठाणे नगर निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# पर्यावरण के सुधार में लगा उल्हासनगर का पर्यावरण विभाग

## उल्हासनगर मनपा तैयार करेगी बीज गोला

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

महाराष्ट्र राज्य के मानसून में बदलाव के चलते सजीवों पर उसका गंभीर परिणाम पड़ता दिखाई पड़ रहा है। पर्यावरण के इस बदलाव के कारणअनियंत्रित तापमान में बढ़ोत्तरी, अनियमित मानसून, उष्णता की लहर के अलावा सूखाग्रस्त परिस्थिति निर्माण हो रही है। ऐसी परिस्थिति के लिए पर्यावरण से हरियाली का अभाव महसूस हो रहा है। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए मनपा प्रशासन द्वारा मुख्यालय के गेट के पास दो घडो में बीज संग्रहित किया जा रहा है।

माझी वसुंधरा अभियान 0.5 के अंतर्गत अभियान महाराष्ट्र सरकार के पर्यावरण विभाग द्वारा माझी वसुंधरा अभियान 0.5 के अंतर्गत उल्हासनगर महानगरपालिका के उद्यान विभाग की तरफ से उल्हासनगर शहर के कार्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने, उल्हासनगर के नागरिकों को पेड़ लगाने, पेड़ बढ़ाने, पेड़ो का संरक्षण करने के लिए जनजागृति लाने के उद्देश्य से मनपा में बीज बैंक का निर्माण किया गया।इस बीज को गोला को संग्रहित कर शहर के नदी के किनारे ,खाली जगह पर बीज गोले का छिड़काव करने से हरित क्षेत्र तैयार करने में मदद मिलेगी। उल्हासनगर मनपा आयुक्त तथा प्रशासक डॉ.अजित शेख,अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त डॉक्टर सुभाष जाधव के मार्गदर्शन में उल्हासनगर महानगरपालिका, मुख्यालय की इमारत के प्रवेश द्वार के सामने उल्हासनगरवासियों से बीज संकलित करने के लिए दो मिट्टी का कलश रखा गया है। उस कलश में नागरिकों से घर के फल, सब्जी के बीज को 8 अगस्त की शाम 5.30 तक डालने का आवाहन किया गया है। बीज बैंक में जमा बीजों को 9 अगस्त 2024 के दिन मिड टाउन हॉल, गोल मैदान, उल्हासनगर-एक में बारह बजे दोपहर को बीज गोला बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस पर्यावरण सुधार की दिशा में कार्य कर हरित उल्हासनगर बनाने के अभियान में सहयोग देने का आवाहन पर्यावरण विभाग प्रमुख विशाखा सावंत ने किया हैं।



# शिवसेना की होर्डिंग से चुनाव चिन्ह धनुष-बाण हटाए जाने से तनाव




**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के प्रभादेवी इलाके में बीती रात शिवसेना शिंदे समूह की होर्डिंग से धनुष-बाण चुनाव चिन्ह हटाए जाने पर तनाव उत्पन्न हो गया। शिवसेना शिंदे समूह और शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए लेकिन तत्काल दादर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और दोनों गुटों को मौके से हटा दिया। शिंदे समूह ने होर्डिंग से धनुष-बाण चुनाव चिन्ह गायब किए जाने का मामला बुधवार को सुबह दादर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाया है।

### होर्डिंग से चुनाव चिन्ह गायब करने का मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार शिवसेना शिंदे समूह के विधायक सदा सरवणकर ने अपने निजी खर्च से प्रभादेवी इलाके में सड़कों पर शिवसेना पार्टी के कुछ होर्डिंग्स लगाए थे, जिन पर धनुष-बाण का निशान था। आरोप है कि ठाकरे गुट के पदाधिकारियों ने सड़क पर लगे होर्डिंग से तीर-धनुष चिन्ह हटा दिया।

# रोलेक्स घड़ी दिलाने के बहाने शिक्षक ने किया 23.12 लाख का गबन



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के अंजुर फाटा स्थित ओसवाल हॉल के पीछे सिल्वर ज्योत रेसिडेंसी में रहने वाले एक शिक्षक ने रोलेक्स घड़ी दिलाने के नाम पर एक व्यापारी से 32.12 लाख रूपये गबन किया है।

### ऐसे किया ठगी

पुलिस के अनुसार, नवी मुंबई निवासी रोहन गणपत डोंगरे 21 वर्ष जो एक पोल मेटल के व्यापारी है। इनका अंजुर फाटा निवासी शिक्षक यतिन बिपिन हरनिया ने 37 लाख 12000 रूपये कीमत की रोलेक्स कंपनी की घड़ी दिलाने के लिए पहले तो उनका विश्वास जीता। उसके बाद शिक्षक ने रोहन डोंगरे को 20 मार्च से 22 मार्च के दरमियान रोलेक्स घड़ी दिलाने हेतु इस्लाम पूरा स्थित हसीन फरहान टाकीज के पास साजिदा मंजिल नामक बिल्डिंग में बुलाया और उनसे 32 लाख 12 हजार रूपये ले लिया। परंतु शिक्षक ने उन्हें रोलेक्स घड़ी नहीं दिया। और पैसे गबन कर लिया। पैसे वापस नहीं मिलने पर रोहन डोंगरे ने चार महीने बाद अपने साथ हुए विश्वास घात की शिकायत निजामपुरा पुलिस से की है। जहां पुलिस ने अंजुर फाटा निवासी शिक्षक यतिन बिपिन हरनिया के खिलाफ भादवि कलम 406, 420, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक डी.ए. बड़गीरे कर रहे है।




## घाटकोपर होर्डिंग मामला

# भावेश भिंडे ने नहीं चुकाया 21.94 लाख रुपए बकाया

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई रेलवे पुलिस ने आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को सूचित किया है कि घाटकोपर होर्डिंग घटना में वर्तमान में पुलिस हिरासत में चल रहे भावेश भिंडे की मेसर्स ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने अप्रैल 2024 से होर्डिंग घटना तक 21.94 लाख रुपये का बकाया नहीं चुकाया है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगलीने मुंबई रेलवे पुलिस से मेसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड(Mumbai Railway Police to M/s Ego Media Pvt. Ltd.) द्वारा घाटकोपर और दादर में होर्डिंग्स के भुगतान और लंबित किराए के बारे में पूछा था। मुंबई रेलवे पुलिस ने लगभग एक महीने बाद आवेदन का जवाब दिया और बकाया राशि के बारे में जानकारी दी। जून 2022 से मार्च 2024 तक मेसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 2 करोड़ 81 लाख 74 हजार 29 रुपये का भुगतान किया। 13,31,200 प्रति माह फीस निश्चित है। मार्च 2024 की फीस 10 लाख रुपये दो चेक से जमा की गई। पहला चेक 6 मई 2024 का और दूसरा चेक 7 मई 2024 का था।



### दादर का 16 लाख बकाया

दादर रेलवे कॉलोनी में होर्डिंग फीस का भुगतान भी मेसर्स ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बकाया है। फरवरी 2024 से 12 मई 2024 तक का बकाया 16 लाख 4 हजार 936 रुपये है। यहां की फीस 5 लाख 29 हजार 100 रुपये प्रति माह है।

### फीस के भुगतान में देरी

मेसर्स ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी चेक से यह साफ हुआ कि हर बार फीस भुगतान में देरी हुई। इसके बावजूद मुंबई रेलवे पुलिस ने लंबित राशि पर कोई ब्याज न लेकर मेसर्स एगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर मेहरबानी की है। यह आरोप अनिल गलगली का है।

# चुनाव से पहले महाराष्ट्र में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## एसपी-डीएसपी रैंक के 16 पुलिस अधिकारियों का किया गया ट्रांसफर




**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा के चुनाव का बिगुल जल्द ही बजने वाला है। इसके लिए राज्य के गृह मंत्रालय ने पुलिस विभाग में फेरबदल शुरू कर दिया है। राज्य में मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, नागपुर, पुणे, नांदेड़, छत्रपति संभाजी नगर जिलों के पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। होम मिनिस्ट्री ने 16 आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर की लिस्ट जारी की है। जिसमें मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे सहित कई जिलों और शहरों के पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी है। इसके बाद अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले की भी लिस्ट जारी होने की संभावना है।

### डीसीपी दत्ता नलावडे का तबादला जीआरपी में किया गया

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के डीसीपी दत्ता नलावडे का तबादला गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) में किया गया है। जबकि मुंबई ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी डॉ राजू भुजबल को महाराष्ट्र विधानमंडळ सचिवालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह ठाणे शहर के डीसीपी सचिन गुंजाल को संभाजीनगर एटीएस में भेजा गया है।

### कल्याण पुलिस परिमंडल-3 के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल छत्रपति संभाजी नगर एटीएस के अधीक्षक पद पर नियुक्त

कल्याण पुलिस परिमंडल-3 के पुलिस उपायुक्त सचिन गुंजाल को छत्रपति संभाजी नगर एटीएस के अधीक्षक पद पर नियुक्त किया गया है और उनके स्थान पर उपायुक्त मीना मकवाना को नियुक्त किया गया है। डीसीपी रश्मी नांदेडकर को नवी मुंबई को स्थानांतरीत किया गया है। मुंबई पुलिस के उपायुक्त विवेक पानसरे की जगह प्रदीप चव्हाण को मुंबई पुलिस में ट्रांसफर किया गया है। वहीं डीसीपी राजू भुजबल विधानसभा सचिवालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में प्रदीप चव्हाण की जगह लेंगे। वरिष्ठ अधिकारी विश्वास देशमुख का स्थानांतर कर उन्हें पुलिस अधीक्षक (राजमार्ग) की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं संदीप पालवे को मध्य महाराष्ट्र के नांदेड में पुलिस अधीक्षक (एंटी करप्शन ब्यूरो) के तौर पर काम करेंगे।


# छात्र संगोष्ठी का आयोजन

## विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान और पुलिस मित्र अवधारणा के बारे में दी गई जानकारी



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

शांतिनगर पुलिस स्टेशन भिवंडी और स्वयं सिद्धि मित्र संघ कॉलेज, टेमघर कल्याण रोड, भिवंडी, कालेज परिसर में दोनों के संयुक्त आयोजन से यहां कॉलेज के विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान और पुलिस मित्र अवधारणा के बारे में जानकारी देने के लिए एक विशेष छात्र संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पीपीटी के माध्यम से नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उससे शरीर को होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी देकर मार्गदर्शन किया गया तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुलिस मित्र की अवधारणा समझाते हुए पुलिस की सहायता करने का आव्हान भी किया गया। इस कार्यक्रम में शांति नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड, पुलिस उप निरीक्षक लोमटे और डॉ. सुप्रिया अरवारी सहित गोपनीय अधिकारी एवं करीब 125 विद्यार्थी उपस्थित थे । ईश्वर सर पर अतिथियों न छात्रों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** ठेकेदार हर मजदूर के भाग्य का देवता होता है : भीष्म साहनी

# ममता कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग मामला रद्द

दोपहर संवाददाता | मुंबई



बॉम्बे हाईकोर्ट से पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को ड्रग्स से जुड़े एक मामले में बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ 2016 में दर्ज ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि कुलकर्णी के खिलाफ कार्यवाही स्पष्ट रूप से तुच्छ और अफसोसजनक है। इस मामले में सुनवाई जारी रखना अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

### यह है मामला

12 अप्रैल, 2016 को ठाणे पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स सेल विभाग ने दो कारों को रोका और दो से तीन किलोग्राम इफेड्रिन जब्त किया था, जो नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत एक नियंत्रित पदार्थ है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दो वाहनों से जब्त किए गए पदार्थ की कीमत लगभग 80 लाख रुपये थी। पुलिस ने कारों के चालकों सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने सोलापुर जिले की एक फैक्ट्री से नियंत्रित पदार्थ खरीदा था। अदालत ने कहा कि उनका मानना है कि आरोपपत्र में पेश किए गए सबूत एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुलकर्णी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

### साल 2018 में खटखटाया था हाईकोर्ट का दरवाजा

साल 2018 में ममता कुलकर्णी ने अपने खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। ममता के पति विक्की गोस्वामी को इस रैकेट का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिन्होंने इफेड्रिन का निर्माण और खरीद की थी। पूर्व अभिनेत्री ने दावा किया था कि उन्हें मामले में फंसाया जा रहा है। वह केवल विक्की गोस्वामी से परिचित है जो मामले के सह-आरोपियों में से एक है।

### 22 जुलाई को दिया था आदेश

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 22 जुलाई को दिए एक आदेश में कहा कि उनकी यह स्पष्ट राय है कि कुलकर्णी के खिलाफ जुटाई गई सामग्री से प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ कोई अपराध नहीं बनता है। बता दें, आदेश की एक प्रति बुधवार को उपलब्ध कराई गई।

### पर्याप्त सबूत नहीं

हाईकोर्ट ने ममता कुलकर्णी के खिलाफ चल रहे है 2000 करोड़ के ड्रग तस्करी के मामले को रद्द कर दिया है। पूर्व अभिनेत्री पर अपने पति विक्की गोस्वामी के साथ ड्रग्स तस्करी करने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं है। इस वजह से इस केस को बंद किया जाता है। पीठ ने कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग्स केस को रद्द कर दिया है।


### अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग करना होगा...

पीठ ने कहा कि हम इस बात से संतुष्ट है कि याचिकाकर्ता (कुलकर्णी) के खिलाफ सुनवाई जारी रखना अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग से कम नहीं होगा। अदालत ने कहा कि वह इस बात से भी संतुष्ट है कि यह एफआईआर को रद्द करने के लिए अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग करने के लिए उपयुक्त मामला है, क्योंकि कार्यवाही स्पष्ट रूप से तुच्छ और अफसोसजनक है।

'PIL के जरिए खेल खेला जा रहा'

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने भाजपा नेता चित्रा वाघ को लगाई फटकार

दोपहर संवाददाता | मुंबई



भाजपा नेता चित्रा वाघ को फटकार लगाते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि 'जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के जरिए जो खेल खेला जा रहा है' अदालत इसकी सराहना नहीं करता और इसमें उनके जैसे नेताओं द्वारा अदालतों को भी शामिल किया जा रहा है। कोर्ट में वाघ के वकील ने कहा कि अगर वह जनहित याचिका वापस लेती हैं तो वह निर्देशों का पालन करेंगी, इसपर मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने कहा, 'यह तरीका नहीं है। बदलते हालात के साथ, आपका रुख भी बदल जाता है। जनहित याचिकाओं के जरिए यही खेल खेला जा रहा है। अदालतें इसमें शामिल हैं। हम यह सब पसंद नहीं करते हैं।'

### क्या है मामला ?

दरअसल, वाघ ने 2021 में एक जनहित याचिका दायर की थी। उस समय शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में सत्ता में थी। तब शिवसेना के विधायक संजय राठौड़ वन विभाग के प्रमुख हुआ करते थे। हालांकि, पुणे की एक लड़की के साथ जब उनका नाम सामने आया तब उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। बाद में लड़की ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। पूजा चव्हाण नाम की आदिवासी लड़की की राठौड़ के कई तस्वीरें और करीब 12 ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तब वायरल हुई थी। इस घटना के बाद उनके खिलाफ जांच की मांग उठी। तब वाघ ने एफआईआर दर्ज करने और विशेष टीम से जांच कराने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। साथ ही वाघ ने इस पूरी जांच को CBI को सौंपने की भी मांग रखी। बाद में साल 2022 में शिवसेना में टूट के बाद वो एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए। जो फिलहाल महाराष्ट्र में BJP के साथ मिलकर सरकार में शामिल हैं। अब जब वाघ की याचिका को एक बार फिर से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई तब मुख्य न्यायाधीश ने चीफ पब्लिक प्रॉसिक्यूटर हितेन वेनेगांवकर से पूछा कि इस दौरान अभियोजन पक्ष ने क्या किया? तब वेनेगांवकर ने अदालत को बताया कि जब आत्महत्या की घटना हुई थी तब राठौड़ नागपुर में थे।

### याचिका का निपटारा करने पर भड़के मुख्य न्यायाधीश

वेनेगांवकर की दलीलों के बाद, वाघ के वकील ने मांग की कि अदालत याचिका का निपटारा कर दे या फिर वह बाद में संबंधित अदालत में जाकर इसे वापस ले लेंगे। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी फटकार लगाते हुए कहा, 'हमें इसका निपटारा क्यों करना चाहिए? आपको यह बताने की जरूरत है कि फिलहाल आपकी क्या अपील है। इस बारे में स्पष्ट रहें।' इसके बाद वाघ के वकील ने कहा कि वह निर्देश का पालन करेंगे।

## उद्धव ठाकरे को सीएए का विरोध करने वालों का साथ छोड़ देना चाहिए: आशीष शेलार

दोपहर संवाददाता | मुंबई



भारतीय जनता पार्टी के मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने बुधवार को यहां कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को देखने के बाद सीएए का विरोध करने वालों का साथ छोड़ देना चाहिए। आशीष शेलार ने पत्रकारों को बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। हिंदुओं के मंदिरों पर हमले हो रहे हैं, लेकिन उद्धव ठाकरे ने अभी तक देश में सीएए का विरोध करने वालों का साथ नहीं छोड़ा है। इसके उलट उद्धव ठाकरे दिल्ली जाकर सत्ता में वापसी की जुगत भिड़ा रहे हैं। शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है, लेकिन उद्धव ठाकरे ने इस संबंध में अपनी भूमिका तय नहीं की है। आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए कहा कि वे सत्ता के लिए कांग्रेस की चाकरी कर रहे हैं, लेकिन इसका कोई लाभ उन्हें नहीं होगा।

## म्हाडा मुंबई बोर्ड ने 2030 फ्लैटों की बिक्री के लिए लॉटरी की घोषणा की

'गो लाइव' आज म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल द्वारा किया जाएगा आयोजित

दीपक पवार | मुंबई

महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) की एक डिविजनल इकाई, मुंबई मंडल ने पहाड़ी गोरेगांव, एंटॉप हिल-वडाला, कोपरी पवई, कन्नमवार नगर-विक्रोली के विकास की योजना की घोषणा की है। मुंबई में शिवधाम परिसर-मलाड आदि। आवासीय परियोजना में विभिन्न आय वर्ग के 2030 फ्लैटों की बिक्री के लिए लॉटरी की घोषणा कर दी गई है और ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण एवं आवेदन प्रक्रिया 9 अगस्त 2024 को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।




### आज प्रकाशित किया जाएगा लॉटरी का विज्ञापन

इस लॉटरी का विज्ञापन 8 अगस्त 2024 को राज्य के विभिन्न समाचार पत्रों के साथ-साथ म्हाडा की वेबसाइट https://housing.mhada.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा और हाउसिंग लॉटरी के बारे में जानकारी देने वाली एक पुस्तिका बनाई जाएगी। इस वेबसाइट पर उपलब्ध है. ड्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण और आवेदन भरने की प्रक्रिया 'म्हाडा' के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री द्वारा की गई थी। इसे संजीव जयसवाल के संरक्षण में शुक्रवार 9 अगस्त को 'गो लाइव' समारोह के साथ लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से बोर्ड द्वारा ड्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकृत करने का लिंक उपलब्ध होगा। साथ ही पंजीकृत आवेदक भी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर, दोपहर 3 बजे है। साथ ही ऑनलाइन जमा राशि 4 सितंबर रात 11.59 बजे तक स्वीकार की जाएगी. ड्रा के लिए प्राप्त आवेदनों की ड्राफ्ट सूची 9 सितंबर शाम 6 बजे तक प्रकाशित की जाएगी।

### किसके लिए कितना फ्लैट?

मुंबई मंडल लॉटरी 2024 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 359 फ्लैट, निम्न आय वर्ग के लिए 627 फ्लैट, मध्यम आय वर्ग के लिए 768 फ्लैट, उच्च आय वर्ग के लिए 276 फ्लैट उपलब्ध हैं। इस ड्रा में म्हाडा के मुंबई बोर्ड द्वारा निर्मित 1327 फ्लैट, विकास नियंत्रण विनियम 33 (5), 33 (7) और 58 के तहत डेवलपर्स से हाउसिंग स्टॉक के रूप में म्हाडा द्वारा प्राप्त 370 फ्लैट (नए और पिछले ड्रा में फ्लैट) और विभिन्न कॉलोनियों में बिखरे हुए हैं। पिछले ड्रा में 333 फ्लैट शामिल थे।

# बड़े मियां रेस्टोरेंट को 12.27 लाख का चूना

## शिवसेना सांसद का निजी सहायक बता उधार मंगाए बिरयानी और गुलाब जामुन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता और दक्षिण लोकसभा क्षेत्र से सांसद अरविंद सावंत का निजी सहायक होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने मुंबई के मशहूर 78 साल पुराने बड़े मियां रेस्टोरेंट के मालिक से 12.27 लाख रुपये ठग लिए। सूत्रों ने बताया कि आरोपी ने बिना कोई पैसा दिए बिरयानी और गुलाब जामुन समेत सैकड़ों प्लेट खाना मंगवाया और साथ ही उनकी बेटी को लॉ कॉलेज में सीट दिलाने में मदद करने का दावा भी किया। बड़े मियां के मालिक जमाल मोहम्मद यासीन शेख को लगा कि उनके साथ धोखा हुआ है और उन्होंने मुंबई के कालाचौकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।




### पैसे पेमेंट का भरोसा जीता, फिर ठग दिया

शेख ने अपनी शिकायत में कहा कि सूरज नाम के एक व्यक्ति ने खुद को सावंत का सहायक बताया और इस साल जुलाई से कई बार सावंत के नाम से खाना मंगवाया। एक अधिकारी ने बताया कि उसने एक बार बड़े मियां को फोन करके 200 प्लेट बिरयानी और गुलाब जामुन मंगवाया था। उसने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) नेता और एमएलसी मिलिंद नार्वेकर एमएलसी चुनाव जीत गए हैं और इसलिए उन्हें जश्न मनाने के लिए बिरयानी चाहिए। उसने इसे अपने बायकुला पते पर मंगवाया। उसने वेज और नॉनवेज बिरयानी का ऑर्डर दिया और थोड़ी देर बाद उसने 40 और बिरयानी का ऑर्डर दिया। जब शेख ने पैसे मांगे तो सूरज ने उसे भरोसा दिलाया कि सावंत उसे बाद में पैसे दे देगा। शेख ने पुलिस को बताया कि उसने पहले भी सावंत के लिए खाना ऑर्डर किया था और उसे भेजा भी था, जिसके पैसे उसे बाद में मिले थे। इसी तरह इस बार भी उसने उस पर भरोसा किया और ऑर्डर की गई बिरयानी और गुलाब जामुन भेज दिया।

### बेटी के एडमिशन के नाम पर भी ठगा

पुलिस ने बताया कि सूरज ने शेख से यह भी कहा कि वह सावंत से बात करके उसकी बेटी का एडमिशन चर्चगेट के लॉ कॉलेज में करवा देगा। एडमिशन के नाम पर आरोपी सूरज ने पहले शेख से 3 लाख रुपये का डोनेशन लिया, फिर कॉलेज की फीस, ट्रस्टी को दिए जाने वाले पैसे के नाम पर कुल 9.27 लाख रुपये मांगे, जिसमें से आरोपी ने कुछ पैसे यूपीआई के जरिए और कुछ पैसे नकद लिए। पुलिस ने आगे बताया कि आरोपी ने परेल के भारत माता सिनेमा के पास शेख से पैसे लिए थे, इसलिए उसने कालाचौकी पुलिस स्टेशन में मामले की शिकायत की। शेख की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 204, 316 (2) और 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 9 अगस्त से ढाई करोड़ घरों पर फहराया जाएगा तिरंगा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को प्रदेश में बड़े पैमाने पर लागू करने का फैसला लिया गया। इस दौरान ढाई करोड़ घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाएगा और विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### ढाई करोड़ घरों और प्रतिष्ठानों पर घर-घर फहराया जाएगा तिरंगा



इसके लिए सांस्कृतिक कार्य विभाग नोडल विभाग, ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नोडल विभाग और शहरी विकास विभाग शहरी क्षेत्रों के लिए नोडल विभाग होगा। इस दौरान तिरंगे यात्रा, तिरंगे रैली, तिरंगे प्रतिज्ञा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, तिरंगे कैनवास, तिरंगे श्रद्धांजलि, तिरंगे मेला, तिरंगे सेल्फी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 9 अगस्त को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में राज्य स्तरीय शुभारंभ होगा और उन जिलों में पालक मंत्रियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रदेश के ढाई करोड़ घरों और प्रतिष्ठानों पर 13, 14 और 15 अगस्त को तीन दिन तक घर-घर तिरंगा फहराया जाएगा।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन- परिवहन (शहर)**
पहली मंजिल, वर्ली गैरेज बिल्डिंग, डॉ. ई.मोजेस रोड, वर्ली, मुंबई-18
ई.ई.टी/सी/6685/ एसडब्लूएम/ 07/08/2024

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

| कार्य का नाम | अमानत जमा राशि | जांच शुल्क | बोली प्रारंभ तिथि और समय | बोली समाप्ति तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर यातायात पुलिस विभाग के उपयोग के लिए टोइंग पुली केबल की आपूर्ति। | रु.16,700 | रु.1320+जीएसटी जैसा लागू हो | 07/08/2024 को सुबह 11.00 बजे | 12/08/2024 को शाम 04.00 बजे |

निविदा की प्रति महाराष्ट्र सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली (महाटेंडर्स) (http://www.mcgm.gov.in) से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निविदा की प्रति बीएमसी के पोर्टल https://portal.mcgm.gov.in से ई-टेंडर अनुभाग के अंतर्गत डाउनलोड की जा सकती है।

पीआरओ/859/विज्ञा./2024-25

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता
परिवहन (शहर)

समय पर निदान, बचाएं प्राण

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

SRA/CO/W/२०२४/४२१३६
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा. दिनांक : ०७/०८/२०२४.

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची नोटीस :-**

मुलुंड गवणीपाडा गायत्री एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था, मुलुंड गवणीपाडा ईशछाया एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था व मुलुंड गवणीपाडा श्रीकृपा एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था, टी. जी. ३१ / २ / ९, गवणीपाडा, नाहुर रोड, मुलुंड (प), मुंबई - ४०० ०८० या नोंदणीकृत संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ नुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई यांचेकडील दि. १०/०४/२०२४ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.
सदर संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील निवासी सदनिकांचे सोडत ऑनलाईन पध्दतीने वितरण दि. १४/०८/२०२४ रोजी, दुपारी १२.३० वाजता, स्थळ : प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झुम ॲप (Zoom App) वर आयोजित केलेली आहे.

**:: सभेचा विषय ::**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाकडील परिपत्रक क्र. १६२ / दि. २३/१०/२०१५ व ऑनलाईन झुम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन योजनेतील इमारतीमधील एकूण १२२ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

झुम ॲप (Zoom App) वरील लिंक : https://us04web.zoom.us/j/81496901866
Meeting ID : 81496901866
Passcode : 123456

सही/-
(अरविंद जे. कांबळे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-2), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

ठिकाण : मुंबई.
दिनांक : ०७/०८/२०२४.
टिप:
१) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरी मध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत. २) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिका हवी असल्यास दि. १३/०८/२०२४ रोजी पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतूदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ई-मेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग याबाबतचा पुरावा सादर करणे आवश्यक आहे. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यू दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
जा.क्र. झोपुप्रा/सनिस/कार्यासन -१/टे. सी. ४/ सन २०२४
SRA/CO/OW/२०२४/४२१५१ दिनांक : ०७/०८/२०२४

**-:सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची नोटीस :-**

**न्यु नवशक्ती एस. आर. ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित आणि श्री नवशक्ती एस. आर. ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, न. भू. क्र. ९२, ९३, ९४, ९५, ९६ आणि ९७ ऑफ व्हिलेज गोरेगांव, ता. बोरीवली, राम मंदिर रोड, सेजल काजल अपार्टमेंट जवळ, ता. बोरीवली, गोरेगांव (पश्चिम), मुंबई - ४०० १०४** या संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट - २ व पुरवणी परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र झालेल्या झोपडीधारक सभासदांना कळविण्यांत येते की, मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पूर्व व पश्चिम उपनगरे), झो.पु. प्रा., बृहन्मुंबई यांचेकडील दिनांक २२.०७.२०२४ रोजीच्या पत्रान्वये प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२/दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार एकूण १११ निवासी पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारतीमध्ये निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वाटप करण्यासाठी मी निम्नस्वाक्षरीकार माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यांत आलेली आहे.

**सदरहू संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमध्ये निवासी सदनिका वाटप सोडतीचा कार्यक्रम बुधवार, दिनांक १४/०८/२०२४ रोजी ठिक सकाळी ११:०० वाजता प्राधिकरणाच्या कार्यालयात लॉटरी अलॉटमेंट पोर्टल सर्व्हर वर ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप (Zoom App) वर आयोजित केलेला आहे.**

**विषय : झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाचे परिपत्रक क्र. १६२ / दिनांक २३.१०.२०१५ नुसार ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पुनर्वसन इमारतीमध्ये एकूण १११ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.**

सही/-
आर. एन. हळदे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी - १, झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई.

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : ०७.०८.२०२४
टिप :
१) सोडतीसाठी पात्र (पती / पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरीमध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावे.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नांव परिशिष्ट - २ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला, कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिकांची प्राधिकरणाच्या sravcmumbai@gmail.com या ईमेल आयडीवर दिनांक १२.०८. २०२४ पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतुदीनुसार सदनिका वाटप करण्यांत येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ईमेल आयडीवर शासनमान्य अंध, अपंग, विधवा याबाबतचा पुरावा / दाखला सादर करावा. तसेच विधवा झोपडीधारकांनी पतीचा मृत्यु दाखला सदर अर्जासोबत सादर करणे आवश्यक आहे.

# आखिर हसीना कैसे शुमार हुई तानाशाहों में



ज्योति मल्होत्रा

सोमवार सायं को बांग्लादेश में भड़के अराजक आंदोलन के दौरान एक 'प्रदर्शनकारी' द्वारा बंगबंधु मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा पर हथोड़ा चलाने की तस्वीर सिहरन पैदा करने वाली था। हमें लगता है यह किसी आंदोलनकारी छात्र का काम नहीं हो सकता-कतई नहीं -भले ही वह बंगबंधु की बेटी से कितना भी नाराज़ क्यों न हो। यहां तक कि अगर शेख हसीना उस वक्त भी चुप रहीं, जब पिछले कुछ हफ्तों से चल रहे आंदोलन में 'देखते ही गोली मार दो' आदेश के बाद सुरक्षा बलों के हाथों 300 से अधिक मारे गए और यह हुक्म और किसी ने नहीं बल्कि उनकी आवामी लीग पार्टी के महासचिव ओबेदुल कादर ने दिया था। यदि बंगबंधु जीवित होते तो वे भी इन वैचारिक तौर पर विकृत लोगों का निशाना बन जाते, जिन्हें 1971 में बांग्लादेश को आज़ाद करवाने के लिए हुए लासानी युद्ध के बारे में तो बहुत कम या ज़रा इल्म नहीं है। वे बांग्लादेश के उस राष्ट्रपिता की पुत्री हैं जो कभी गलत नहीं कर सकते थे, शेख हसीना तो लोकतंत्र की बेटी हैं, जो 15 अगस्त 1975 की मनहूस रात को हुए नरसंहार से बच गई थीं –जब उनके बाकी परिवार को विद्रोहियों द्वारा क्रूरता से खत्म कर दिया गया– सिर्फ इसलिए कि क्योंकि वे और उनकी बहन रेहाना, उस दिन धानमोंडी के पुश्तैनी घर में मौजूद नहीं थीं। आज हसीना को उन तानाशाहों की जमात में रखा जा रहा है जो अपनों का खून बहाने से पहले जरा नहीं सोचते, क्योंकि उन्हें यही करना पड़ता है, अपना बचाव सर्वप्रथम जो होता है। पर यह सब हो गुजरने की नौबत बनी कैसे? शेख हसीना कैसे ओबेदुल कादर को अनुमति दे सकती हैं कि जो कोई प्रदर्शन करने की जुर्रत करे, उसे मार डाला जाए? स्पष्टतः 1971 की क्रांति खुद को दोहरा रही है। यह अपने संतान खुद खाने जैसा है। बताया जा रहा है, ढाका में दो हफ्ते पहले हुई अभागी पत्रकार वार्ता में कादर ने कहा कि यदि छात्र अपना आंदोलन बंद कर घर वापसी नहीं करते तो 'इन्हें सीधा करने' को अपनी आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को हुक्म देना पड़ेगा। तो क्या इसका मतलब है कि शेख हसीना की पार्टी वालों ने ढाका और चटगांव में प्रदर्शनकारी निर्दोष विद्यार्थियों पर गोलियां चलाईं? यह अभी जांच का विषय है। लेकिन यूनिसेफ ने कहा है कि जुलाई माह के आंदोलन में कम से कम 32 छात्र मारे गए हैं। यह कैसे हो सकता है कि शेख हसीना जिन्हें अपना पूरा परिवार नरसंहार में गंवाया हो और उसके बाद दिल्ली के पंडारा रोड के एक घर में अपनी बहन रेहाना और किशोर भाई रसेल के साथ बतौर राजनीतिक शरणार्थी रहना पड़ा, और इस दौरान उनके प्रिय बांग्लादेश में पाकिस्तान परस्त ताकतें सत्तासीन हो गईं– क्योंकर उन्होंने खुद को इतना बिखरने दिया कि उन्हीं तानाशाहों का प्रतिबिम्ब बन गईं, जिनसे कभी नफरत थी? अब जबकि उन्हें दिल्ली के पास हिंडन वायुसेना अड्डे पर या उसके पास 'भारतीय सेफ हाउस' में रहना पड़ रहा है और केवल एक घंटे की दूरी पर, दिल्ली में रह रही और विश्व स्वास्थ्य संगठन में नौकरी कर रही अपनी बेटी साइमा वाज़ेद से मिलने तक की अनुमति नहीं है, तो शायद वे कुछ समय निकालकर अपने भीतर झांकेगी कि कैसे और क्यों उन्होंने इस मनहूस स्थिति को बनने दिया। जनवरी माह में, जब विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा दूसरी बार भी आम चुनाव का बहिष्कार किए जाने के बाद, शेख हसीना ने इस निर्णय पर हेकड़ी पूर्ण रुख अख्तियार करते हुए, बीएनपी के बड़े नेताओं को गिरफ्तार करने का हुक्म दिया, यह एक तरह से उनके चेहरे पर थूकने जैसा था। भले ही ये दो महिलाएं, शेख हसीना और पिछले सालों से अस्वस्थ चल रही बीएनपी प्रमुख खालिदा ज़िया, एक-दूजे को सख्त नापसंद करती हों, किंतु लोकतंत्र के पहले नियम का तकाज़ा है कि चाहे आप किसी विपक्षी नेता से कितनी भी दिली नफरत क्यों न करते हों, फिर भी उसे अपनी बात कहने का मौका तो देना ही पड़ेगा। लेकिन हसीना अड़ी रहीं – और भारत सरकार के पास उनकी दलीलों को मानने के सिवा कोई चारा नहीं रहा– लेकिन यदि भारत उनके अधिनायकवादी तौर-तरीकों से चुनाव के जरिये सत्ता में वापसी का समर्थन न करता रहता तो बंगाल की खाड़ी उन मगरमच्छों का आशियाना बन जाती, जिनका प्रशिक्षण और पोषण पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान करता आया है। विडंबना है कि वह आकलन भी एकदम सच था। इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी सहित अपने से पहले के प्रधानमंत्रियों की भांति नरेंद्र मोदी को भी अहसास रहा कि भारत के पास शेख हसीना का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। जब 2001 से 2006 के बीच बीएनपी सत्ता में रही, तब न केवल भारत के उत्तर-पूर्वी इलाके को गहरी उथल-पुथल में धकेला गया बल्कि पाकिस्तान परस्त तत्वों ने चटगांव बंदरगाह से होकर बांग्लादेश में आधुनिक हथियारों की खेपों की खेपें उतारीं। यह एकदम सच है कि शेख हसीना की ढाका में वापसी भारत के लिए एक बड़ा वरदान रही। केवल 1971 के नाते से नहीं–यह सरगर्मी आरंभ से रही, जब विशेष रिश्ता कायम हुआ, जो न केवल मुक्ति बाहिनी और भारतीय सेना के बीच था बल्कि दोनों मुल्कों के नागरिकों के मध्य भी – और ये संबंध शेख हसीना के पिछले 15 सालों के प्रधानमंत्रित्व काल में भी बने रहे। भारत और शेख हसीना के नेतृत्व वाले बांग्लादेश के मध्य राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में एक बिल्कुल नई किस्म की साझेदारी बनी, जो बाकी दक्षिण एशिया के लिए आदर्श उदाहरण बनी। सड़क, रेलवे, पारगमन का अधिकार, आम नागरिकों को आने-जाने की अनुमति, रक्षा क्षेत्र में मदद, जो कोई भी नाम लें, उस क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश की जुगलबंदी कायम रही। तब फिर ऐसा क्या हुआ? सोमवार को ढाका में बांग्लादेशी आंदोलनकारी द्वारा शेख मुजीब की मूर्ति के सिर को हथौड़े से तोड़ने और देशभर में हिंदू परिवारों पर हुए हमले साफ दिखाते हैं कि पर्दे के पीछे से कोई ताकतें यह सब करवा रही हैं। सबसे बड़ा शक पाकिस्तान परस्त जमात-ए-इस्लामी संगठन पर है। वे लौट आए हैं। बांग्लादेश में इतिहास कभी भी वास्तव में इतिहास नहीं रहा। अब पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान के लिए बंगाल की खाड़ी में 'खेला' करने के लिए यह परिस्थिति जन्य मौका है। यह भी उतना ही सच है कि शेख हसीना के सिवाय एक भी ऐसा नहीं है जिसके पास जमात-ए-इस्लामी और इसके राजनीतिक मुखौटे बीएनपी से मुकाबला करने का माद्दा हो। लेकिन हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। अब जबकि हिंडन वायुसेना अड्डे पर वे ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय द्वारा राजनीतिक शरण की अनुरोध स्वीकार करने की बाट जोह रही हैं, शायद लंदन से अनुमति आने तक उनके लिए ढाका में बने रहना सुरक्षित न होता। अवश्य ही उन्होंने भारत से अस्थाई पनाह देने की गुहार लगाई होगी। उन्हें आने देकर मोदी सरकार ने सही किया है। और दोस्त होते किसलिए हैं– भले ही अगला गलत क्यों न हो।


संपादकीय

# ब्रिटेन में उग्र दक्षिणपंथ

भब्रिटेन में दक्षिणपंथी हिंसा की लहर के बीच आप्रवासियों व मुस्लिमों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंता का विषय है। सोशल मीडिया के जरिये भ्रामक प्रचार से समूह विशेष पर हमले ब्रिटिश समाज में विकट होती स्थिति को दर्शाता है। दरअसल, गत 29 जुलाई को साउथपोर्ट में टेलर स्विफ्ट की थीम डांस पार्टी में तीन बच्चियों की नृशंस हत्या के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में दंगे भड़क उठे। इस घटना में दो वयस्कों के साथ कई अन्य बच्चे भी घायल हुए थे। इसके बाद पूरे ब्रिटेन में दक्षिणपंथी आंदोलनकारियों ने इस घटना का इस्तेमाल नफरत को बढ़ावा देने और अराजकता भड़काने में किया। कालांतर में हिंसा महज विरोध प्रदर्शनों तक ही सीमित नहीं रही। दुकानें लूट ली गईं, कारों को आग लगा दी गईं, मस्जिदों और एशियाई स्वामित्व वाले व्यवसायों को निशाना बनाया गया। यह चिंताजनक स्थिति ब्रिटिश समाज में पैर पसारती मानसिक रुग्णता को ही दर्शाती है। दरअसल, ब्रिटिश समाज में आप्रवासियों के प्रति धुर दक्षिणपंथियों की कटुता छिटपुट घटनाओं की प्रतिक्रिया के रूप में ही नजर नहीं आती, बल्कि ये घटनाक्रम ब्रिटिश समाज में व्यापक सामाजिक चिंताओं और राजनीतिक विफलताओं का भी परिचायक है। दरअसल, कई दक्षिणपंथी राजनेताओं ने आप्रवासन और सांस्कृतिक एकीकरण के बारे में गलत धारणाओं को बढ़ावा दिया। उन्होंने अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिये समर्थन जुटाने के लिये खतरनाक ढंग से गलत सूचनाएं फैलायीं। कहा गया कि हमलावर एक आप्रवासी मुस्लिम था। हालांकि प्रधानमंत्री स्टार्मर ने दंगों को सुनियोजित साजिश बताते हुए घटनाओं की निंदा की है, लेकिन अभी ब्रिटिश समाज में सामाजिक समरसता बनाये रखने के लिए बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। वहीं दूसरी ओर एक सप्ताह में हिंसक गतिविधियों में शामिल करीब चार सौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। दंगइयों के हौसले इतने बुलंद थे कि वे पुलिस से संघर्ष करते नजर आ रहे थे। साथ ही सार्वजनिक संपत्ति और आप्रवासियों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे थे। दरअसल, हाल के दिनों में देखने में आया है कि कई देशों में हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये ऑनलाइन सूचनाओं को गलत ढंग से प्रसारित व प्रचारित किया गया। वास्तव में भ्रामक सूचनाओं के तंत्र पर अंकुश लगाने के लिये ठोस प्रयास किये जाने की जरूरत है। देखने में आया है कि सुनियोजित ढंग से प्रचारित सूचनाएं लोगों को कट्टरपंथी बनाने और हिंसा को भड़काने के लिये प्रयोग की जाती हैं। सोशल मीडिया को एक हथियार की तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है। दरअसल, ब्रिटिश सरकार को अंतर्निहित उन सामाजिक व आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है जिसके जरिये दक्षिणपंथी स्थानीय लोगों का भावनात्मक दोहन करते हैं। मसलन बेरोजगारी और अपर्याप्त सामाजिक सेवाओं की समस्या को दूर करना चाहिए, जिसके बहाने आप्रवासियों के प्रति नफरत फैलाने का काम किया जाता है। निश्चित रूप से ऐसे भय के माहौल में सहिष्णुता और एकता के मूल्यों को बनाये रखने की सख्त जरूरत है। भविष्य में प्रवासियों के खिलाफ ऐसी हिंसा दोबारा न पनपे ब्रिटिश सरकार को अपने सभी नागरिकों की सुरक्षा और समावेशन को सुनिश्चित करना चाहिए। अब चाहे वे किसी भी देश से आए हों। मीडिया और राजनीतिक नेताओं से जिम्मेदार व्यवहार की उम्मीद की जानी चाहिए। उन्हें नफरत फैलाने वाली भड़काऊ बयानबाजी से बचना चाहिए। ब्रिटेन में डेढ़ दशक बाद व्यापक रूप से पनपे दंगों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये गंभीर प्रयास करने की जरूरत है। दरअसल, इस दौरान दक्षिणपंथियों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने पुलिस को भी निशाना बनाने से परहेज नहीं किया। इस घटनाक्रम के चलते प्रदर्शनकारी तथा आप्रवासियों के समर्थक कई बार आमने-सामने नजर आए। एक पक्ष कह रहा था कि ब्रिटेन को बाहरी लोगों से मुक्त कराया जाए तो दूसरी तरफ आप्रवासियों का समर्थन करने वाले नारे लगा रहे थे कि यहां शरणार्थियों का स्वागत है। बहरहाल, हाल की हिंसक घटनाओं ने नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री स्टार्मर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालांकि, उन्होंने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने के आदेश भी दिए हैं। बकायदा इस संकट को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर सुरक्षा अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक भी बुलाई गई। निश्चित रूप से दक्षिणपंथियों की हिंसा से सख्ती से निपटने की जरूरत है।

## शख्सियत — मीराबाई चानू

### पद्म श्री से सम्मानित भारतीय भारोत्तोलक



सैखोम मीराबाई चानू एक भारतीय भारोत्तोलक हैं। उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक में महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीते हैं। खेल में उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया। 2018 में उन्हें भारत सरकार द्वारा खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। वह 49 किलोग्राम वर्ग में क्लीन एंड जर्क में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।

मीराबाई चानू का जन्म 8 अगस्त 1994 को चानू मीराबाई का जन्म इंफाल के पास हुआ था। जब वह 12 साल की थी, तब से उसके परिवार ने भारोत्तोलक बनने की उसकी इच्छा का समर्थन किया है। 2014 में, मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में अपना करियर शुरू किया और ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने में सफल रहीं। अप्रैल 2021 में उन्होंने ताशकंद में 2020 एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में एक और कांस्य पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 202 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। 2014 में, मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में अपना करियर शुरू किया और राष्ट्रमंडल खेलों, ग्लासगो में रजत पदक जीतने में सफल रहीं। सैखोम ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। हालांकि, वह इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा नहीं कर सकीं। उन्होंने इसी वर्ग में 85 किग्रा स्नैच और 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क के संयोजन के साथ 194 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। यह विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2017 में कैलिफोर्निया के अनाहेम में आयोजित की गई थी। 2018 में भारत के लिए 'पहला स्वर्ण पदक' हासिल किया। इतना ही नहीं, मीराबाई ने स्नैच में 86 किग्रा और स्नैच में 110 किग्रा के साथ 196 किग्रा वजन उठाकर पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। अप्रैल 2021 में उन्होंने ताशकंद में 2020 एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में एक और कांस्य पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 202 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह कर्णम मल्लेश्वरी के बाद ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय भारोत्तोलक बनीं।

## सहज योग

# आप उस प्रेम में बह गए



जब तक उसके अन्दर ये प्रेम उतरेगा नहीं तब तक सुषुम्ना से यह प्रवाह उठने वाला नहीं। जैसे समझ लीजिए कि दो सीढ़ियां हैं और बीच में एक सीढ़ी है, उस सीढ़ी में और हममें कुछ अंतर है। क्या ? इस अंतर को आप किसी भी तरह से लांघ नहीं पा रहे हैं, उसमें कोई पुल नहीं है जिसको आप लांघकर जाए।

उसकी एक पहचान है, आप में से गर कोई Doctor होगा तो समझ लेगा इस बात को जो मैं नहीं उठ सकती है जब तक वो असीम प्रेम सुषुम्ना के अन्दर जगह बनी हुई है, खास इसकी जगह बनी हुई है, हमारे नाभि चक्र और अनहद चक्र के बीच में एक बड़ी सी जगह बनी है। जब तक उसके अन्दर ये प्रेम उतरेगा नहीं तब तक सुषुम्ना से यह प्रवाह उठने वाला नहीं। जैसे समझ लीजिए कि दो सीढ़ियां हैं और बीच में एक सीढ़ी है, उस सीढ़ी में और हममें कुछ अंतर है। क्या ? इस अंतर को आप किसी भी तरह से लांघ नहीं पा रहे हैं, उसमें कोई पुल नहीं है जिसको आप लांघकर जाए। और ये दो सीढ़ियां बराबर ईडा और पिंगला नीचे जमीन पर लगी हुई हैं। Sympathetic Nervous System की Left और Right ये दोनों ही जमीन पर लगी हुई है और बीच वाली अधान्तरी लटकी हुई है जो परम में पहुंचाती है। अब Sympathetic Nervous System की जो दोनों सीढ़ियां है, अब अगर कोई Psychologist हो तो मेरी बात समझ सकता है, वो एक जो Left Hand की तरफ से है, और वो आपको पहुंचा देती है, Ego में अपने अहंकार में, और जो Right Hand Side में है वो आपको पंहुचा देती है आपके Super ego में प्रतिअहंकार में ये दोनों मिलकर के हमारे माथे पर छा जाते हैं, जैसे कि कोई Balloon न हो! इस तरह से ऊपर आ जाते हैं और आकर के इस जगह जहां हमारा तालू होता है, उस पर आकर के दोनों मिल जाती हैं। कभी कभी तो ये पूरे सारे सिर पर ही छा जाते हैं। कभी तो प्रतिअहंकार जबरदस्त होता है और कभी अहंकार जो भी ज्यादा जबरदस्त होता है वो हमारे दिमाग पर छाया हुआ है और आकर के वो हमारे इस मार्ग को रोक देते हैं, बन्द कर देते हैं। अब जो Petrol हमारे अन्दर Para Sympathetic Nervous System से मरा गया था, जो कुण्डलिनी से भरा गया था, उसका गेट बन्द हो गया। अब हम अलग हो गए, अब हमें लगा कि भई हम कोई है! अब अहंकार शुरु हुआ, हमें लगा कि हम हैं। अब यही है भागने का अपने से भागने का कारण है क्योंकि हम जो हैं, हमको हम जानते ही नहीं कि हम क्या हैं। आप मेरी ओर इतना चित्त लगाकर के जो सुन रहे है मैं आपकी ओर अपना चित्त नहीं लगा सकती। मैं कहूं आप अपनी ओर चित्त लगाए तो आप लगा ही नहीं सकते हैं क्योंकि आप बह गए हैं उस प्रेम में जो आप है। एक जो प्रतिअहंकार है।

## जीवन ऊर्जा

भीष्म साहनी : जन्म- 8 अगस्त 1915 — जन्म

भीष्म साहनी का जन्म 8 अगस्त 1915 को भारत के रावलपिण्डी में हुआ था। वह हिंदी लेखक, अभिनेता, शिक्षक, अनुवादक और बहुभाषी थे। उन्हें हिन्दी साहित्य में मुंशी प्रेमचंद की परंपरा का अग्रणी लेखक माना जाता है। भीष्म साहनी की मृत्यु 11 जुलाई 2003 को दिल्ली में हुई थी।

# ठेकेदार हर मजदूर के भाग्य का देवता होता है



ईमानदार आदमी क्यों इतना ढीला-ढाला होता है, क्यों सकुचाता-झेंपता रहता है। यह बात कभी भी मेरी समझ में नहीं आई। शायद इसलिए कि यह दुनिया पैसे की है। जेब में पैसा हो तो आत्म-सम्मान की भावना भी आ जाती है। पर अगर जूते सस्ते हों और पाजामा घर का धुला हो तो दामन में ईमानदारी भरी रहने पर भी आदमी झेंपता-सकुचाता ही रहता है। स्त्री-पुरुष सम्बन्धों में कुछ भी तो स्पष्ट नहीं होता। कुछ भी तो तर्क-संगत नहीं होता। भावनाओं के संसार के अपने नियम हैं, या शायद कोई भी नियम नहीं। हिन्दुस्तानी पहले तो अपने देश से भागता है और बाद से उसी हिन्दुस्तान के लिए तरसने लगता है। दिल्ली में प्रत्येक मोटर चलानेवाला आदमी साइकिल चलानेवालों से नफ़रत करता है। दिल्ली के हर आदमी के मस्तिष्क में घृणा पलती रहती है और एक-न-एक दिन किसी-न-किसी रूप में फट पड़ती है। दिल्ली की सड़कों पर सारे वक्त घृणा का व्यापार चलता रहता है। पिछले ज़माने की घृणा कितनी सरल हुआ करती थी, लगभग प्यार जैसी सरल। क्योंकि वह घृणा किसी व्यक्ति विशेष के प्रति हुआ करती थी। पर अनजान लोगों के प्रति यह अमूर्त घृणा, मस्तिष्क से जो निकल-निकलकर सारा वक्त वातावरण में अपना ज़हर घोलती रहती है। दुनिया बड़ी विचित्र पर साथ ही अबोध और अगम्य लगती, जान पड़ता जैसे मेरी ही तरह वह भी बिना किसी धुरे के निरुद्देश्य घूम रही है। एक उसूल ज़मीर का होता है, तो दूसरा फ़ाइल का। ठेकेदार हर मज़दूर के भाग्य का देवता होता है। जो उसकी दया बनी रहे तो मज़दूर के सब मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं, पर जो देवता के तेवर बदल जाएं तो अनहोनी भी होके रहती है। हुकूमत करनेवाले यह नहीं देखते कि प्रजा में कौन सी समानता पायी जाती है। उनकी दिलचस्पी तो यह देखने में होती है कि वे किन-किन बातों में एक दूसरे से अलग हैं। जब वो औरों के लिए आए तो मैंने कहा कि मैनू की। जब वे उनके लिए आए तो फिर मैंने कहा कि मैनू की। जब वो मेरे लिए आए तो सबने कहा कि मैनू की। फिसाद कराने वाला भी अंग्रेज, फिसाद रोकने वाला भी अंग्रेज। मनुष्य का मन अपने अन्दर से ही त्राण पाता है और अपने अन्दर से ही असह्य क्लेश भी।

## प्रेरक प्रसंग

# सेवा जीने की कला है

एक संत ने एक विश्व-विद्यालय आरंभ किया। इस विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य था ऐसे संस्कारी युवक-युवतियों का निर्माण जो समाज के विकास में सहभागी बन सकें। एक दिन उन्होंने अपने विद्यालय में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका विषय था - जीवों पर दया एवं प्राणिमात्र की सेवा। निर्धारित तिथि को तयशुदा वक्त पर विद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रतियोगिता आरंभ हुई। किसी छात्र ने सेवा के लिए संसाधनों की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि हम दूसरों की तभी सेवा कर सकते हैं जब हमारे पास उसके लिए पर्याप्त संसाधन हों। वहीं कुछ छात्रों की यह भी राय थी कि सेवा के लिए संसाधन नहीं, भावना का होना जरूरी है। इस तरह तमाम प्रतिभागियों ने सेवा के विषय में शानदार भाषण दिए। आखिर में जब पुरस्कार देने का समय आया तो संत ने एक ऐसे विद्यार्थी को चुना, जो मंच पर बोलने के लिए ही नहीं आया था।यह देखकर अन्य विद्यार्थियों और कुछ शैक्षिक सदस्यों में रोष के स्वर उठने लगे। संत ने सबको शांत कराते हुए बोले, 'प्यारे मित्रो व विद्यार्थियो, आप सबको शिकायत है कि मैंने ऐसे विद्यार्थी को क्यों चुना, जो प्रतियोगिता में सम्मिलित ही नहीं हुआ था। दरअसल, मैं जानना चाहता था कि हमारे विद्यार्थियों में कौन सेवाभाव को सबसे बेहतर ढंग से समझता है। इसीलिए मैंने प्रतियोगिता स्थल के द्वार पर एक घायल बिल्ली को रख दिया था। आप सब उसी द्वार से अंदर आए, पर किसी ने भी उस बिल्ली की ओर आंख उठाकर नहीं देखा। यह अकेला प्रतिभागी था, जिसने वहां रुक कर उसका उपचार किया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ आया। सेवा-सहायता डिबेट का विषय नहीं, जीवन जीने की कला है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# राजा जनक ने श्रीराम को शिव जी के धनुष का परिचय दिया



किसी ने प्रश्न पूछा कि महाराज जनक जी के पास शंकर भगवान का वह धनुष कहां से आया, जिसे श्रीराम प्रभु ने तोड़ दिया था? इस का उत्तर श्रीमद् वाल्मीकीय रामायण में है।

महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण के बालकाण्ड के छाछठवें सर्ग में राजा जनक ने स्वयं श्रीराम को शिव जी के धनुष का परिचय दिया है। जनक जी कहते हैं कि उनके पूर्वज राजा निमि के ज्येष्ठ पुत्र राजा देवरात के नाम से विख्यात थे। उन्हीं महात्मा के हाथ में यह धनुष धरोहर के रूप में दिया गया था। कहते हैं पूर्वकाल में दक्षयज्ञविध्वंस के समय परम पराक्रमी भगवान शंकर ने खेल-खेल में ही रोषपूर्वक इस धनुष को उठाकर यज्ञ-विध्वंस के पश्चात देवताओं से कहा-'देवगण! मैं यज्ञ में भाग प्राप्त करना चाहता था, किंतु तुम लोगों ने नहीं दिया। इसलिए इस धनुष से मैं तुम सब लोगों के मस्तक काट डालूँगा। यह सुनकर संपूर्ण देवता उदास हो गए और स्तुति के द्वारा देवाधिदेव महादेव जी को प्रसन्न करने लगे। अंत में भगवान शिव उन पर प्रसन्न हो गए। प्रसन्न होकर उन्होंने उन सब महामनस्वी देवताओं को यह धनुष अर्पण कर दिया। जनक जी ने बताया कि वही यह देवाधिदेव महात्मा भगवान शंकर का धनुष-रत्न है, जो मेरे पूर्वज महाराज देवरात के पास धरोहर के रूप में रखा गया था। हमारे ग्रंथों में किसी घटना विशेष की एक से अधिक कथाएं मिल जाया करती हैं। हो सकता है कि दूसरे ग्रंथों में कुछ अलग कथा भी मिल जाए। परंतु मेरे विचार से रामकथा के संदर्भ में सबसे अधिक प्रामाणिक ग्रंथ महर्षि वाल्मीकि की रामायण है, क्योंकि वे श्रीराम के समकालीन थे। बहुत समय पहले की बात है। एक गांव में एक बूढ़ा व्यक्ति रहता था। उसके दो बेटे थे। बूढ़ा वस्तुओं के उपयोग के मामले में कंजूस था और उन्हें बचा-बचा कर उपयोग किया करता था।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# प्रोडक्ट मैनेजर में हैं बेहतरीन करियर के अवसर

प्रोडक्ट मैनेजर (पीएम) वह व्यक्ति होता है जो प्रोडक्ट को बनाने और सुधारने में मदद करता है। उनका काम यह सुनिश्चित करना है कि प्रोडक्ट ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करे और बाज़ार में सफल हो। भारत में, यह भूमिका बहुत लोकप्रिय हो रही है क्योंकि कई कंपनियाँ बढ़ रही हैं और प्रतिस्पर्धा करने के लिए उन्हें अच्छे प्रोडक्ट की ज़रूरत है।

## प्रोडक्ट मैनेजर क्या करता है?

**ग्राहकों की ज़रूरतों को समझें :** पीएम ग्राहकों से बात करता है और लोगों की ज़रूरतों को समझने के लिए बाज़ार के रुझानों को देखता है। इससे यह तय करने में मदद मिलती है कि प्रोडक्ट में किन विशेषताओं या बदलावों की ज़रूरत है।

**प्रोडक्ट की योजना बनाएं :** वे प्रोडक्ट को कैसे विकसित किया जाएगा, इसके लिए एक



योजना बनाते हैं। इसमें लक्ष्य निर्धारित करना, विशेषताओं पर निर्णय लेना और कब काम करना चाहिए, इसके लिए समयसीमा बनाना शामिल है।

**टीमों के साथ काम करें :** पीएम डिज़ाइनर, इंजीनियर और मार्केटर जैसी अलग-अलग टीमों के साथ काम करते हैं। वे सुनिश्चित करते हैं कि हर किसी को पता हो कि क्या करना है और आने वाली किसी भी समस्या को हल करने में मदद करते हैं।

**प्रोग्रेस को मॉनिटर करें :** वे इस बात पर नज़र रखते हैं कि प्रोडक्ट कैसे विकसित किया जा रहा है। वे सुनिश्चित करते हैं कि यह समय पर हो और गुणवत्ता मानकों को पूरा करे।

**प्रोडक्ट लॉन्च करें :** जब प्रोडक्ट तैयार हो जाता है, तो पीएम इसे लॉन्च करने में मदद करते हैं। वे प्रोडक्ट को बढ़ावा देने और ग्राहकों को इसके बारे में बताने के लिए मार्केटिंग टीमों के साथ काम करते हैं।

**प्रतिक्रिया एकत्र करें :** प्रोडक्ट लॉन्च होने के बाद, पीएम ग्राहकों से प्रतिक्रिया एकत्र करता है। यह प्रतिक्रिया सुधार करने और किसी भी समस्या को ठीक करने में मदद करती है।

## प्रोडक्ट मैनेजर के लिए आवश्यक कौशल

**संचार कौशल :** पीएम को विचारों को स्पष्ट रूप से समझाने और विभिन्न टीमों के साथ अच्छी तरह से काम करने की आवश्यकता होती है।

**विश्लेषणात्मक कौशल :** उन्हें सूचित निर्णय लेने के लिए बाजार के रुझान और ग्राहक डेटा का विश्लेषण करना चाहिए।

संगठनात्मक कौशलः पीएम को कई कार्यों का प्रबंधन करने और सब कुछ ट्रैक पर रखने की आवश्यकता होती है।

**समस्या-समाधान कौशल :** उन्हें प्रोडक्ट विकास के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए।

## प्रोडक्ट मैनेजर कैसे बनें

**शिक्षा :** अधिकांश पीएम के पास व्यवसाय, इंजीनियरिंग या संबंधित क्षेत्र में डिग्री होती है। कुछ के पास व्यवसाय प्रशासन (एमबीए) में मास्टर डिग्री भी होती है, जो व्यावसायिक रणनीतियों को समझने में सहायक होती है।


**अनुभव :** मार्केटिंग, इंजीनियरिंग या प्रोजेक्ट मैनेजमेंट जैसे संबंधित क्षेत्रों में अनुभव प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। कई पीएम इन भूमिकाओं में शुरुआत करते हैं और फिर प्रोडक्ट प्रबंधन में चले जाते हैं।

**कौशल विकास :** परियोजना प्रबंधन, डेटा विश्लेषण और उपयोगकर्ता अनुभव डिजाइन जैसे कौशल सीखना उपयोगी हो सकता है। इसके लिए कई ऑनलाइन पाठ्यक्रम और प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं।

**नेटवर्किंगः** क्षेत्र के अन्य पेशेवरों से जुड़ने से आपको भूमिका के बारे में अधिक जानने और नौकरी के अवसर खोजने में मदद मिल सकती है। उद्योग समूहों में शामिल होना और कार्यक्रमों में भाग लेना फायदेमंद हो सकता है।

## करियर के अवसर और विकास

भारत में, टेक्नोलॉजी कंपनियों, स्टार्टअप और ई-कॉमर्स व्यवसायों के विस्तार के



कारण प्रोडक्ट प्रबंधकों की मांग बढ़ रही है। कई कंपनियाँ नए प्रोडक्ट और नवाचारों में निवेश कर रही हैं, जिससे अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। प्रोडक्ट मैनेजर टेक्नोलॉजी, वित्त, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे विभिन्न उद्योगों में काम कर सकते हैं। अनुभव के साथ, वे वरिष्ठ प्रोडक्ट प्रबंधक, प्रोडक्ट निदेशक या यहाँ तक कि मुख्य प्रोडक्ट अधिकारी (CPO) जैसे उच्च पदों पर जा सकते हैं। वे अपनी खुद की कंपनी भी शुरू कर सकते हैं या सलाहकार के रूप में काम कर सकते हैं।

## भूमिका में चुनौतियां

प्रोडक्ट मैनेजर बनना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। पीएम को समय सीमा के दबाव को संभालने, परस्पर विरोधी विचारों को प्रबंधित करने और कठिन निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। उन्हें बाजार के रुझानों और तकनीकी परिवर्तनों के साथ भी अपडेट रहना चाहिए।

# रेलवे में अप्रेंटिस के 3317 पदों पर निकली भर्ती

## 10वीं, 12वीं पास को मौका, एससी, एसटी को फीस में छूट

रेलवे रिक्रूटमेंट सेल (RRC) की ओर से वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 3 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।



### डिविजन वाइस वैकेंसी डिटेल्स

**जेबीपी डिविजन :** 1262 पद
**बीपीएल श्रेणी :** 824 पद
**कोटा डिविजन :** 832 पद
**सीआरडब्ल्यूएस बीपीएल :** 175 पद
**डब्ल्यूआरएस कोटा :** 196 पद
**मुख्यालय/जेबीपी :** 28 पद

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

संबंधित क्षेत्र में 10वीं, 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो।
NCVT/ SCVT द्वारा अधिसूचित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।

### आयु सीमा

उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष तय की गई है। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को निमानुसार छूट दी जाएगी।

### सिलेक्शन प्रोसेस :

मेरिट बेसिस पर।

### स्टाइपेंड

13,700- 16,900 रुपए प्रतिमाह।

### फीस

- आवेदन करने के लिए 141 रुपए फीस का भुगतान करना होगा।
- एससी, एसटी, पीएच और महिला उम्मीदवारों के लिए फीस 41 रुपए है।

### जरूरी डॉक्यूमेंट्स

- आधार कार्ड
- 10वीं की मार्कशीट
- 12वीं की मार्कशीट
- ग्रेजुएशन की मार्कशीट
- पद के अनुसार जरूरी डिग्री/डिप्लोमा
- जाति प्रमाण पत्र
- पासपोर्ट साइज की फोटो
- मोबाइल नंबर
- ईमेल आईडी
- सिग्नेचर और लेफ्ट थंब का निशान


### ऐसे करें आवेदन

- ऑफिशियल वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर जाएं।
- होम पेज पर New Registration लिंक पर क्लिक करके अपना ट्रेड चुनें।
- मांगी गई डिटेल्स भरकर रजिस्ट्रेशन करें।
- क्लिक हियर टू लॉग इन लिंक पर क्लिक करके अन्य डिटेल्स दर्ज करें।
- फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
- इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# भारतीय डाक ने 8वीं पास के लिए निकाली भर्ती

## सैलरी 63 हजार से ज्यादा, महिलाओं के लिए निःशुल्क

भारतीय डाक ने स्किल्ड आर्टिसन के पदों पर भर्तियां निकाली हैं। उम्मीदवार भारतीय डाक की ऑफिशियल वेबसाइट indiapost.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



### वैकेंसी डिटेल्स

एम.वी. मैकेनिक (स्किल्ड) : 4 पद
एम.वी. इलेक्ट्रीशियन (स्किल्ड) : 1 पद
टायरमैन (स्किल्ड) : 1 पद
लोहार (स्किल्ड) : 3 पद
बढ़ई (स्किल्ड) : 1 पद
कुल पदों की संख्या : 10

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से 8वीं पास।
संबंधित ट्रेड में सर्टिफिकेट के साथ एक वर्ष काम करने का अनुभव।
एम.वी. मैकेनिकल ट्रेड के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास किसी भी वाहन को चलाने के लिए वैलिड ड्राइविंग लाइसेंस (HMV) होना चाहिए।

**आयु सीमा :** 18 - 30 वर्ष


### फीस

सामान्य : 400 रुपए
एससी, एसटी, महिला : निःशुल्क

### सिलेक्शन प्रोसेस

योग्यता, अनुभव और स्किल टेस्ट के बेसिस पर।

**सैलरी :** 19,900 - 63,200 रुपए प्रतिमाह।




### ऐसे करें आवेदन

उम्मीदवार अपना आवेदन फॉर्म जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ इस पते पर भेजें :
सीनियर मैनेजर, मेल मोटर सेवा, नंबर 37
ग्रीम्स रोड, चेन्नई- 600 006

# JKSSB ने कॉन्स्टेबल के 4002 पदों पर निकाली भर्ती

## आवेदन आज से शुरू, 10वीं पास करें अप्लाई

जम्मू और कश्मीर सर्विस सिलेक्शन बोर्ड (JKSSB) की ओर से कॉन्स्टेबल के 4 हजार से अधिक पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 8 अगस्त 2024 से शुरू होगी। आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार वेबसाइट jkssb.nic.in जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

**वैकेंसी डिटेल्स :**

कॉन्स्टेबल (एसडीआरएफ) : 100 पद
कॉन्स्टेबल (टेलिकम्युनिकेशन) : 502 पद
कॉन्स्टेबल (आर्म्ड/आईआरपी) : 1689 पद
कॉन्स्टेबल (फोटोग्राफर) : 22 पद
कॉन्स्टेबल एग्जीक्यूटिव पुलिस (जम्मू डिवीजन) : 1249 पद
कॉन्स्टेबल एग्जीक्यूटिव पुलिस (कश्मीर डिवीजन) : 440 पद

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
10वीं पास।

**आयु सीमा :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 28 साल
अधिकतम आयु सीमा में सरकारी नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी।

**सैलरी :**
19,900 - 63,200 रुपए प्रतिमाह।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
लिखित परीक्षा
फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT)
फिजिकल एन्ड्योरेंस टेस्ट (PET)
मेडिकल एग्जामिनेशन
सभी चरणों में सफल उम्मीदवारों की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

**फीस :**
अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जातिः 700 रुपए
एससी, एसटी-1, एसटी-2 और ईडब्ल्यूएसः 600 रुपए

**जरूरी डॉक्यूमेंट्स :**
उम्मीदवार का आधार कार्ड
उम्मीदवार का पैन कार्ड
10वीं की मार्कशीट
निवास प्रमाण पत्र
जाति प्रमाण पत्र
आय प्रमाण पत्र
मोबाइल नंबर
पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ आदि।

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट jkssb.nic.in पर जाएं।
होम पेज पर भर्ती से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
रजिस्ट्रेशन करके अन्य डिटेल्स दर्ज करें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर रख लें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**वृष :** विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है।

**मिथुन :** मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**कर्क :** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा।

**कन्या :** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा।

**तुला :** यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें।

**वृश्चिक :** कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी।

**धनु :** अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**मकर :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**कुंभ :** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

**मीन :** भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

# मंगल दिलाता है शक्तिशाली व प्रभावशाली वाहन

कुंडली में चौथे भाव पर मंगल की दृष्टि पड़ जाए या चतुर्थ मंगल के साथ हो जाए तो व्यक्ति प्रभावशाली वाहन खरीदता है। ऐसे वाहन खरीदता है जो बाहुबली व्यक्ति अधिक प्रयोग करते हैं उसका वाहन भारी मजबूत और अधिक सीसी वाला होता है चार पहिया वाहन में व्यक्ति जीप के आकार के वाहन ऊंचे और चौड़े पंजे वाले वाहन अधिक पसंद करता है वहीं दो पहिया में पावर बाइक दिलाता है मंगल ऐसी गाड़ी खरीदवाता है जिसको पुरुष वर्ग के द्वारा अधिक प्रयोग किया जाता है।



**गुरु दिलाता है ज्यादा सीटर वाला वाहन**

जब गुरु वाहन दिलाता है तो वह बाजार में परखा हुआ वाहन ही दिलाता है व्यक्ति नयी लॉन्चिंग वाले वाहनों को खरीदने में रुचि नहीं रखता है गुरु जब वाहन दिलाता है तब व्यक्ति अत्यधिक पारिवारिक सदस्यों के बैठने की स्थिति को ध्यान में रखकर वाहन पसंद करता है व्यक्ति ऐसा वाहन खरीदना है जो मजबूत और ताकतवर हो उसे हल्के वाहन बिल्कुल भी पसंद नहीं होते हैं सपरिवार यात्रा की जा सके इस बात को भी वह बहुत अधिक ध्यान रखता है व्यक्ति 8 से 10 सीटर वाला वाहन खरीदना ज्यादा पसंद करता है क्योंकि उसके कारक गुरु होते हैं व्यक्ति के लिए वाहन में सुख सुविधाओं की बहुत अधिक मांग नहीं होती है।

**शनि दिलाता है व्यावसायिक वाहन**

शनि का संबंध चौथे भाव से हो जाए तो व्यक्ति वाहन ऐसा खरीदता है जिसका प्रयोग व्यवसाय तरीके से भी किया जा सके व्यक्ति वाहन खरीदते समय अधिक से अधिक सवारी आने की व्यवस्था देखता है भारी भरकम और बड़े मालवाहक वाहनों के कारण शनिदेव होते हैं ट्रक, ट्रैक्टर, लॉरिया, जहाज आदि सभी शनिदेव की कृपा से ही प्राप्त होते हैं।


प्रियंका जैन
9769994439

**अच्छी पिक अप की गाड़ी दिलाता है चंद्रमा**

कुंडली में वाहन दिलाने वाली स्थिति और भाव का संबंध अगर चंद्रमा से हो जाए तो व्यक्ति ऐसा वाहन खरीदता है जिसका पिकअप बहुत अच्छा होता है गाड़ी खरीदते समय व्यक्ति मजबूती से ज्यादा उसकी गति पर ध्यान देता है वह ऐसा वाहन लेना पसंद करता है जो बहुत कम जगह में घुमाया जा सके पुरुष व्यक्ति अपनी पत्नी, बेटी, बहन मां यानी घर की स्त्री को पसंद आने वाली गाड़ी खरीदता है ऐसे वाहन चंद्रमा के कारकत्व में आते हैं चंद्रमा जब भी वाहन दिलाता है तो बहुत चटक खरीदने की इच्छा उत्पन्न नहीं करता क्रीम, सफेद, सिल्वर जैसे हल्के रंग ही खरीदने के लिए प्रेरित करता है।


**स्पोर्ट्स लुक की गाड़ी दिलाता है बुध-**

बुध ग्रह में राजकुमार होता है इसलिए यूथ को पसंद आने वाली गाड़ी खरीदवाता है बुध का संबंध खेल से भी होता है इसलिए स्पोर्ट्स वाहन भी दिलाता है व्यक्ति तेज गति के साथ-साथ लुक पर भी ध्यान देता है बुध प्रधान व्यक्ति स्पोर्टी लुक का वाहन खरीदना ज्यादा पसंद करता है व्यक्ति अगर साधारण गाड़ी भी लेता है तो बाद में उसका लुक स्पोर्टी करवा लेता है।

# विनेश के सुनहरे सफर का दुखद अंत

**एजेंसी । पेरिस**

विनेश फोगाट (50 किलो) के फाइनल में पहुंचने से मंगलवार को पूरा देश झूम उठा। खेलप्रेमी उम्मीद लगाए थे कि बुधवार को पेरिस में देश को खेलों के इतिहास की पहली ओलंपिक महिला चैंपियन की खुशखबरी मिलेगी। पर स्वर्णिम उम्मीदों के साथ उठे खेल प्रेमियों को दोपहर होने से पहले ही विनेश के अयोग्य करार दिए जाने की खबर मिली। इससे सभी स्तब्ध रह गए। ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला विनेश को बजन अधिक पाए जाने के कारण फाइनल खेलने से रोक दिया गया। साथ ही उन्हें पदक से भी महरूम होना पड़ा।



### 100 ग्राम अधिक वजन

29 वर्षीय विनेश को खेलगांव में पोली क्लीनिक ले जाया गया क्योंकि सुबह उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी। एक भारतीय कोच ने कहा, सुबह उसका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। नियम इसकी अनुमति नहीं देते और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विनेश ने कहा था कि यह उनका आखिरी ओलंपिक है और अब देखना है कि वह फैसला बदलती है या नहीं।

### रातभर करती रहीं एक्सरसाइज

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विनेश और उनके कोच को मंगलवार रात ही उनके ज्यादा वजन के बारे में पता चल गया था। इसके बाद विनेश पूरी रात सोई नहीं और वजन को तय वर्ग में लाने के लिए जॉगिंग, स्किपिंग और साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करती रहीं।

### अस्पताल में भर्ती

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पानी की बहुत ज्यादा कमी के कारण चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी। मौजूदा समय में वह खेल गांव में पॉलीक्लिनिक में हैं और आराम कर रही हैं। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।


### निजता का सम्मान करें

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करते हुए कहा, हमें यह खबर देते हुए खेद हो रहा है कि विनेश अयोग्य घोषित कर दी गई है। पूरी रात टीम के अथक प्रयासों के बावजूद सुबह उनका वजन 50 किलो से अधिक पाया गया।

## 100 ग्राम वजन अधिक होने के कारण ओलंपिक से अयोग्य घोषित

## पदक की उम्मीद टूटी

### प्रधानमंत्री ने विरोध दर्ज कराने को कहा



सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने इस मामले में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पी टी उषा से तफ्सील से जानकारी ली और विभिन्न विकल्पों के बारे में भी पूछा। उन्होंने विनेश की मदद के लिए इस फैसले के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराने के लिएभी कहा है। इससे पहले उन्होंने विनेश की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि वह भारत का गौरव हैं और उन्हें मजबूती से वापसी करनी है ।

### अब लोपेज खेलेंगी फाइनल

विनेश ने पहले ही मुकाबले में मौजूदा चैंपियन युइ ससाकी को हराया था। उन्हें फाइनल में अमेरिका की सारा एन हिल्डब्रांट से खेलना था। सेमीफाइनल में विनेश से हारने वाली क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज अब उनकी जगह फाइनल खेलेगी। पेरिस ओलंपिक आयोजन समिति ने कहा, विनेश दूसरे दिन कराए गए वजन में अयोग्य पाई गईं। अंतरराष्ट्रीय कुश्ती के नियमों की धारा 11 के अनुसार विनेश (भारत) की जगह उस पहलवान को दी जाएगी जिसे उसने सेमीफाइनल में हराया था। इसी वजह से लोपेज को फाइनल खेलने का मौका दिया गया है। जापान की सुसाकी और यूक्रेन की ओकसाना लिवाच के बीच रेपेचेज मुकाबला कांस्य पदक का होगा।


### ये है वजन नापने की प्रक्रिया

- एक वर्ग के सभी मुकाबले दो दिन में होते हैं
- पहलवानों का दोनों दिन सुबह वजन होता है
- पहले दिन के वजन के लिए 30 मिनट का समय मिलता है। इस दौरान कई बार वजन नाप सकते हैं
- दूसरे दिन वजन के लिए 15 मिनट मिलते हैं
- वजन के बाद खिलाड़ियों का मेडिकल चेकअप होता है
- वजन के दौरान कुश्ती वाली ही ड्रेस पहननी होती है
- नाखून कटे हैं या नहीं यह भी चेक होता है

### करने पड़ते हैं काफी प्रयास

अगर पहलवान के शरीर का वजन भारवर्ग से अधिक है तो उस स्तर तक लाना काफी दर्दनाक प्रक्रिया है। विनेश के शरीर का वजन 56-57 किलो है और उसे 50 किलो तक आने में काफी प्रयास लगे। वह पहली बार इस भार वर्ग में खेल रही हैं। आमंत्रण टूर्नामेंट में यूडब्ल्यूडब्ल्यू दो किलो की छूट देता है लेकिन ओलंपिक, विश्व और एशियाई चैंपियनशिप में नहीं। वजन कम करने के लिए खिलाड़ी दो दिन तक खाना और पानी के बिना भी रह जाते हैं।

### लियुजी को भी गंवाना पड़ा था मुकाबला



इससे पहले इटली की एमैन्युएला लियुजी को भी मौजूदा टूर्नामेंट में वजन अधिक पाए जाने के कारण पहले दौर का मुकाबला गंवाना पड़ा था।

### यह है नियम

युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों के अनुसार पहलवान को वजन कराने की अवधि में कई बार अपना वजन कराने का अधिकार होता है। नियम के अनुसार, अगर कोई खिलाड़ी पहली और दूसरी बार वजन कराने के समय उपस्थित नहीं होता या अयोग्य होता है तो उसे स्पर्धा से बाहर कर दिया जाएगा। वह आखिरी स्थान पर रहेगा। उसे कोई रैंक नहीं मिलेगी।

'विनेश आप चैंपियनों में चैंपियन हो। आप भारत का गौरव हो और हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत हो। आज के झटके से दुख पहुंचा है। काश मैं शब्दों में बता पाता कि इस समय कितना मायूस हूं। लेकिन मुझे पता है कि आप फिर वापसी करोगी। चुनौतियों का डटकर सामना करना आपके स्वभाव में है। मजबूती से वापसी करो। हम सभी आपके साथ हैं।'

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

'हर किसी को लग रहा है मानों घर में कोई मर गया हो। हमें नहीं पता कि हमें क्या हुआ है। हर कोई सदमे में है।'

**-वीरेंदर दहिया, कोच राष्ट्रीय महिला टीम**

'यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है और अनुचित भी। मुझे उम्मीद है कि अधिकारी इस पर गौर करके कड़ा विरोध जतायेंगे क्योंकि यह शुरुआती दौर का मुकाबला नहीं था। हम पदक दौर की बात कर रहे हैं। भारतीय ओलंपिक संघ या भारत सरकार को इसका सख्त विरोध करना चाहिए।'

**-सुनील गावस्कर**

'मैं बहुत दुखी हूं। विनेश ने जो कर दिखाया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। इस ओलंपिक में किसी भारतीय खिलाड़ी के साथ यह सबसे दर्दनाक हादसा है। हम सोच भी नहीं सकते कि उस पर क्या गुजर रही होगी। अगर संभव होता तो मैं अपना पदक उसे दे देती।'

**-साक्षी मलिक**

# कांसा कायम रखने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

- 10 मैच ओलंपिक में भारत-स्पेन ने आपस में खेले
- 07 मैच भारत ने जीते, दो ड्रॉ रहे, एक में हार मिली



### ओवरऑल

- 71 मैच अब तक दोनों देशों ने आपस में खेले
- 31 भारत ने, 26 स्पेन ने जीते, 14 मैच ड्रॉ रहे

**एजेंसी । पेरिस**

जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में मिली हार का गम भुला भारतीय हॉकी टीम आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में गुरुवार को कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में स्पेन से भिड़ेगी। इस मुकाबले में टीम का लक्ष्य पीआर श्रीजेश और देश के लिए कांसे के तमगे के साथ लौटने का होगा।

### आंकड़ों में पलड़ा भारी

स्वर्णिम सपना टूटने के बाद अब आखिरी मैच भारत को उसी टीम से खेलना है जिसे 4-3 से हराकर मॉस्को ओलंपिक 1980 में आठवां और आखिरी पीला तमगा जीता था। हालांकि पिछले पांच मैच में से चार भारत ने और एक स्पेन ने जीता है। ऐसे में भारतीय टीम की कोशिश रहेगी कि किसी भी हाल में टोक्यो में जीते कांसे को बरकरार रखा जाए। दूसरी ओर स्पेन को सेमीफाइनल में नीदरलैंड्स ने 4-0 से हराया था। भारत और स्पेन के बीच पिछले दस साल में 16 मैच खेले गए जिनमें से भारत ने छह, स्पेन ने पांच जीते और पांच ड्रॉ रहे।

### रोहिदास की वापसी

जर्मनी के खिलाफ भारत को अपने सबसे अनुभवी 'फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी बुरी तरह खली जो ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में रेडकार्ड मिलने के कारण एक मैच का प्रतिबंध झेल रहे थे। इसके बावजूद भारत ने पहले क्वार्टर में बढ़त बनाई और फिर पिछड़ने के बाद वापसी भी की। अब रोहिदास की वापसी से भारतीय डिफेंस मजबूत होगा।


### हरमन शीर्ष गोल स्कोरर

टूर्नामेंट में अब तक आठ गोल कर चुके हरमनप्रीत इस ओलंपिक के शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनका प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा लेकिन सेमीफाइनल में भारतीय टीम 11 में से दो पेनाल्टी कॉर्नर ही भुना सकी। कोच क्रेग फुल्टोन को आखिरी मैच से पहले इस पर काम करना होगा चूंकि आधुनिक हॉकी में हर टीम विरोधी के पेनाल्टी कॉर्नर पर अच्छा खासा होमवर्क करके उतरती है। आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश पूरे टूर्नामेंट में चट्टान की तरह भारतीय गोल की रक्षा करते रहे। पदक का रंग बदलने का सपना टूटने के बावजूद उन्होंने कहा कि अब उनके पास आखिरी मौका है और पदक अभी भी जीता जा सकता है।

# महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में जर्मनी से 1-3 से हारा भारत

**एजेंसी । पेरिस**

### पेरिस ओलंपिक में अभियान खत्म



अर्चना कामथ ने बुधवार को ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में कुछ देर चुनौती पेश की, इके बावजूद भारतीय टीम को जर्मनी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम की हार से देश का पेरिस ओलंपिक में टेबल टेनिस स्पर्धा में अभियान भी खत्म हो गया। श्रीजा अकुला और अर्चना की जोड़ी शुरुआती मैच में युआन वान और जिओना शान की जोड़ी से 1-3 से हार गई। फिर पहले एकल में एनेट कॉफमैन के खिलाफ मनिका बत्रा सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं। उन्होंने पहला गेम जीता लेकिन अगले तीन गेम हारकर मैच 1-4 से गंवा बैठीं। दूसरे एकल में अर्चना ने भारत को उम्मीद की किरण दिखाई। उन्होंने जिओना शान पर 3-1 से जीत हासिल की। पर तीसरे एकल में कॉफमैन ने श्रीजा को 3-0 से हराकर जर्मनी को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। इससे पहले अचंता शरत कमल की अगुआई वाली भारतीय पुरुष टीम प्री क्वार्टर फाइनल में चीन से 0-3 से हारकर बाहर हो गई थी। भारत ने पेरिस ओलंपिक में पहली बार टीम स्पर्धा में हिस्सा लिया। पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धाएं 2008 बीजिंग ओलंपिक में शुरू हुई थीं।

# वायनाड में पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए प्रभास




केरल के वायनाड में हुए विनाशकारी भूस्खलन त्रासदी के बाद दुनियाभर से लोग पीड़ितों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। दक्षिण भारतीय सिनेमा की कई हस्तियों ने इस त्रासदी पर अपना दुख व्यक्त किया और योगदान भी दिया है। रश्मिका मंदाना, चिरंजीवी, राम चरण और अल्लू अर्जुन के सहयोग के बाद अब इस सूची में दिग्गज अभिनेता प्रभास का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने वायनाड त्रासदी में पीड़ितों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है।

### रश्मिका ने भी दिए 10 लाख रुपये

प्रभास ने केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 करोड़ रुपये की राशि दान की है। उनके इस सराहनीय कदम की सोशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हो रही है। इससे पहले अल्लू अर्जुन ने 25 लाख रुपये दान किए थे, जबकि चिरंजीवी और राम चरण ने संयुक्त रूप से केरल मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये का दान दिया था। खबर है कि रश्मिका ने भी केरल राहत कोष में 10 लाख रुपये का दान दिया है।

# अजय देवगन की 'रेड 2' की रिलीज टली



अजय देवगन को इन दिनों फिल्म 'औरों में कहां दम था' में देखा जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है। आने वाले दिनों में अजय एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजदूगी दर्ज कराएंगे। 'रेड 2' उनकी बहुचर्चित फिल्मों में शामिल है। 'रेड' (2018) को दर्शकों का खूब प्यार मिला था और अब प्रशंसक इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने 'रेड 2' की रिलीज को टाल दिया है। अजय की 'रेड 2' 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म अगले साल की शुरुआत में रिलीज हो रही है। फिलहाल अभी तारीख का ऐलान नहीं हुआ है। बातचीत में 'रेड' के निर्देशक राज कुमार गुप्ता ने कहा, ₹फिल्म 'रेड 2' अगले साल की शुरुआत में हो रही है। रिलीज तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा।₹ 'रेड 2' में अजय की जोड़ी वाणी कपूर के साथ बनी है।

ऐसी थी 'रेड' की कहानी

'रेड' के पहले भाग में 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े IT विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी। ये छापेमारी 3 दिन और 2 रातों तक चली थी, जिसमें काफी अवैध संपत्ति को जब्त किया गया था।



# 'बिग बॉस 18' में नजर आएंगी कृतिका मलिक

रियलिटी शो 'बिग बॉस OTT 3' का समापन हो चुका है। इस शो के खत्म होने के बाद भी अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक चर्चा में हैं। खबर है कि 'बिग बॉस OTT 3' के बाद कृतिका 'बिग बॉस 18' में नजर आएंगी। निर्माताओं की ओर से उन्हें शो की पेशकश की गई है। मलिक परिवार के नए व्लॉग के बाद से ही इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

### नए व्लॉग में चर्चा करता नजर आया मलिक परिवार

मलिक व्लॉग्स यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो साझा किया गया, जिसमें 'बिग बॉस 18' में कृतिका के भाग लेने की खबर पर चर्चा की गई। इस वीडियो में पायल बताती नजर आ रही हैं कि कृतिका को 'बिग बॉस' के आगामी सीजन में भाग लेने की पेशकश की गई है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'बिग बॉस OTT 3' की बात करें तो इस शो में मलिक परिवार के तीनों सदस्य ने एंट्री ली थी।

# 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू

अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 8 माई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने 60 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 211.06 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब दर्शक 'शैतान' के सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं। अजय एक बार फिर कबीर बन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

### तैयार है 'शैतान 2' की स्क्रिप्ट



एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'शैतान' के सीक्वल पर काम शुरू हो गया है। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है। इसी के साथ अजय ने सबसे ज्यादा सफल फ्रैंचाइज़ी में काम करने वाले एकमात्र भारतीय अभिनेता होने का दर्जा हासिल कर लिया है। 'गोलमाल', 'सिंघम', 'धमाल', 'दृश्यम', 'रेड', 'दे दे प्यार दे' और 'सन ऑफ सरदार' के बाद 'शैतान 2' अजय की 8वीं फ्रैंचाइज फिल्म है। 'शैतान' में ज्योतिका और जानकी बोदीवाला भी अहम भूमिका में हैं।

### अजय के पास हैं ये फिल्में

अजय को इन दिनों तब्बू के साथ फिल्म 'औरों में कहां दम था' में देखा जा रहा है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब अजय फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान रोहित शेट्टी ने संभाली है। यह फिल्म 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अजय की आने वाली फिल्मों में 'रेड 2', 'दे दे प्यार दे 2' और 'सन ऑफ सरदार 2' भी शामिल हैं।

# आईएफएफएम 2024 में 'चंदू चैंपियन' का जश्न मनाएंगे कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन को आखिरी बार फिल्म 'चंदू चैंपियन' में देखा गया था, जिसका निर्देशन कबीर खान ने किया है। भले ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं सकी, लेकिन फिल्म की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह फिल्म भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है। ताजा खबर है कि 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न' के 15वें संस्करण में कार्तिक इस फिल्म का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### दर्शकों के साथ लाइव बातचीत करेंगे कार्तिक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न के 15वें संस्करण में 'चंदू चैंपियन' की स्क्रीनिंग होगी। कार्तिक और कबीर के साथ एक 'फैन इंटरैक्टिव सेशन' भी होगा। दोनों 17 अगस्त को 'चंदू चैंपियन' पर दर्शकों से लाइव बातचीत करेंगे। इस सेशन में कार्तिक और कबीर फिल्म के निर्माण के बारे में बात करेंगे। वे इसमें आई चुनौतियों और मुरलीकांत पेटकर की कहानी को जीवंत करने के लिए आवश्यक असाधारण समर्पण के बारे में दर्शकों के साथ जानकारी साझा करेंगे।

### 'चैंदू चैंपियन' ने किया था इतने करोड़ रुपये का कारोबार

यह दूसरी बार होगा, जब कार्तिक इस महोत्सव में शामिल होंगे। इससे पहले उन्होंने 2023 में भारतीय सिनेमा के उभरते वैश्विक भारतीय सुपरस्टार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। 'चंदू चैंपियन' की बात करें तो यह फिल्म इसी साल 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कार्तिक ने फिल्म में मुरलीकांत की भूमिका निभाई थी। 70 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 65 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।



न्यूज़ ब्रीफ

## पूर्व पीएम खालिदा जिया को पासपोर्ट मिला

**ढाका।** शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद जेल से रिहा बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को नया पासपोर्ट मिल गया है। जिया की पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य शैरुल कबीर खान ने बुधवार को यह जानकारी दी। 79 वर्षीय जिया को तत्कालीन प्रधानमंत्री हसीना के कार्यकाल में 2018 में भ्रष्टाचार के लिए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। खान ने कहा कि मंगलवार को जिया के पासपोर्ट के नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गई और इसके बाद जिया के निजी सचिव एबी एम अब्दुस सत्तार ने उनकी ओर से पासपोर्ट हासिल किया। जिया अभी विभिन्न बीमारियों का इलाज करा रही हैं। उन्हें मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के कार्यकारी आदेश पर रिहा किया गया।

## दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसा : एक्शन में CBI, अपने हाथ में ली जांच

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण तीन यूपीएससी स्टूडेंट्स की मौत के मामले की जांच अपने हाथों में ले ली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में इन मौतों की जांच दिल्ली पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जनता को जांच पर कोई संदेह न रहे। अधिकारियों ने बुधवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद दिल्ली पुलिस से मामले की जांच अपने हाथों में ले ली। बता दें कि, दिल्ली में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद 'राव आईएएस स्टडी सर्किल' (Rau's IAS Study Circle) की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण तीन यूपीएससी स्टूडेंट्स- उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नवीन डाल्विन की डूबने से मौत हो गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने तीनों छात्रों की मौत पर पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि उसे समझ नहीं आ रहा कि अभ्यर्थी 'बेसमेंट' से बाहर कैसे नहीं आ सके। अदालत ने यह भी जानना चाहा था कि क्या 'बेसमेंट' के दरवाजे बंद थे या सीढ़ियां तंग थीं।

## कोच्चि हवाई अड्डे पर बम की झूठी धमकी के कारण उड़ान में हुई देरी

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि हवाई अड्डे पर बुधवार को एक यात्री ने सुरक्षा जांच के दौरान बम होने की धमकी दी, हालांकि बाद में जांच करने पर यह मात्र अफवाह निकली। इससे थाइलैंड जाने वाली उड़ानों में दो घंटे का विलंब हुआ। पुलिस ने आरोपित को बाद में हिरासत में ले लिया। कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (सीआइएएल) के अनुसार, थाई लायन एयर की उड़ान एसएल211 पर यात्रा कर रहे यात्री को बम की धमकी मिली थी। इसमें कहा गया कि यात्री ने द्वार संख्या 19 पर सेकेंडरी लैडर प्वाइंट चेक के दौरान एयरलाइन सुरक्षा कर्मचारियों को बम होने की धमकी दी थी। इसके बाद बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) ने इसकी जांच की और इसे झूठा करार दिया। विमान सुबह 4.30 बजे रवाना हुआ। इसमें दो घंटे की देरी हुई। इस मामले में आगे की कर्रावाई के लिए संबंधित यात्री को पुलिस को सौंप दिया गया है।

# राज्यसभा की 12 सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव

## NDA के पास 101 सीटें, यह बहुमत के आंकड़े से 13 कम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राज्यसभा की 12 खाली सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव होगा। चुनाव आयोग ने बुधवार को इसका ऐलान किया है। इन 12 सीटों में 2-2 सीटें असम, बिहार, महाराष्ट्र की हैं, जबकि 1-1 सीट हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की है। चुनाव के नतीजे 3 सितंबर शाम 5 बजे सामने आएंगे। राज्यसभा में सांसदों की कुल संख्या 245 है। फिलहाल राज्यसभा में 225 सांसद हैं, जबकि 20 सीटें खाली हैं। लिहाजा बहुमत का आंकड़ा 114 है। खाली सीट में जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं। इन सीट्स को छोड़कर बाकी 12 सीट पर चुनाव होगा। राज्यसभा में भाजपा के पास 86 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर यानी NDA के पास 101 सीटें हैं। NDA की बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम हैं। वहीं I.N.D.I.A गुट के पास 87 सीटें हैं। इंडिया ब्लॉक और NDA के इतर पार्टियों के पास 28 सीटें हैं।






### राज्यसभा में भाजपा की सीटें चार साल बाद 90 से कम

राज्यसभा में बहुमत का आंकड़ा 114 है। NDA के पास जो 101 सीटें हैं, वह बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम हैं। इस लिहाज से देखें तो सरकार को बिल पास कराने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। 13 जुलाई को राज्यसभा में पार्टी के 4 मनोनीत सदस्य सेवानिवृत्त हो गए। इसके चलते चार साल बाद राज्यसभा में भाजपा की स्ट्रेंथ 90 से नीचे से चली गई है।

### 10 साल में 55 से 101 तक पहुंची भाजपा

राज्यसभा में भाजपा 10 साल में 55 से 101 तक पहुंच गई। भाजपा के 2014 में 55 और 2019 में 78 सांसद थे। जून 2020 में यह संख्या 90 हो गई। इसके बाद पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। इससे सदस्यों की संख्या 101 तक पहुंच गई। 1990 के ऐसा पहली बार हुआ था, जब किसी पार्टी ने 100 का आंकड़ा पार किया था।

### कैसे खाली हुई हैं राज्यसभा की सीटें ?

राज्यसभा की कुल 20 खाली सीट में से जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं। 10 सीटें राज्यसभा सांसदों के लोकसभा चुनाव लड़ने और जीतने के कारण खाली हुई हैं। इसके अलावा एक सीट भारत राष्ट्र समिति (BRS) नेता के. केशव राव के कांग्रेस में जाने से खाली हुई है। दूसरी सीट ओडिशा से BJD सांसद ममता मोहंता के इस्तीफे के बाद खाली हुई। उन्होंने 31 जुलाई को पार्टी और राज्यसभा से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गईं।

# चुनाव आयोग का आज जम्मू-कश्मीर दौरा, जल्द होंगे चुनाव

- सुप्रीम कोर्ट की 30 सितंबर तक की डेडलाइन
- 20 अगस्त तक अपडेट होगी वोटर लिस्ट

**एजेंसी । कश्मीर**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग दो दिन का जम्मू-कश्मीर का दौरा करेगा। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार (8 अगस्त) को श्रीनगर पहुंचेगा। सुबह 11:15 बजे इलेक्शन कमीशन की क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के साथ मीटिंग होगी। उसके बाद पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक होगी। 9 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे इलेक्शन कमीशन एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा। इसी साल जून में चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा समेत जम्मू कश्मीर में वोटर लिस्ट अपडेट करने के आदेश जारी किए थे। इस काम को पूरा करने के लिए 20 अगस्त तक की डेडलाइन दी गई थी। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र शासित प्रदेश में 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा भी जल्द वापस दिया जाए।

### जम्मू-कश्मीर में आखिरी बार 2014 में विधानसभा चुनाव हुए थे, BJP-PDP का अलायंस टूटा था



5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म कर दिया गया था। साथ ही राज्य को 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। साथ ही स्पष्ट किया गया था कि जम्मू-कश्मीर में दिल्ली और पुदुचेरी की तरह उपराज्यपाल का शासन होगा, लेकिन विधानसभा के तहत जनता मुख्यमंत्री का निर्वाचन भी करेगी। इससे पहले जम्मू- कश्मीर में 2014 में आखिरी बार चुनाव हुए थे। 2018 में BJP और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी, क्योंकि BJP ने PDP से अलायंस तोड़ लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर, 2023 में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि सितंबर, 2024 तक हर हाल में जम्मू-कश्मीर में चुनाव करा लिए जाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक इंटरव्यू में कहा था कि 30 सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो जाएंगे।

### लोकसभा चुनाव 2024 : जम्मू-कश्मीर में BJP को 2 सीट मिलीं, 2 नेशनल कांफ्रेंस के खाते में

जम्मू कश्मीर की 5 सीटों में से जम्मू और उधमपुर सीट BJP के खाते में गईं। जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस को यहां 2 सीटें मिलीं। बारामूला सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते।

# विभव की जमानत याचिका पर दिल्ली को जवाब दाखिल करने का निर्देश



**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आप सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख स्वाति मालीवाल पर हमला करने के आरोपी व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। दिल्ली पुलिस की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने शीर्ष अदालत से कहा कि आरोपी की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय देने की मांग की।

### पहले ही दाखिल किया जा चुका है आरोप पत्र

जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्जल भुइयां की पीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का वक्त मांगे जाने का आरोपी विभव कुमार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने विरोध किया और कहा कि मामले में आरोप पत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। इसके बाद, पीठ ने दिल्ली पुलिस को 21 अगस्त तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की सुनवाई 27 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। पिछली सुनवाई पर शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता कुमार को कड़ी फटकार लगाई थी। आरोपी कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कुमार ने दावा किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती देते हुए विभव कुमार ने शीर्ष अदालत से कहा है कि मामले की जांच पूरी हो गई है, ऐसे में उन्हें अब न्यायिक हिरासत के तहत जेल में रखने की आवश्यकता नहीं है। इस मामले में पहले जिला अदालत और बाद में 12 जुलाई को उच्च न्यायालय ने आरोपी कुमार को जमानत देने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने आरोपी विभव कुमार को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि इस बात की संभावना है कि यदि याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाता है तो गवाहों को प्रभावित या साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकता है।

### जेल में बंद है आरोपी विभव कुमार

जेल में बंद आरोपी विभव कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल पर हमला करने का आरोप है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ 16 मई को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कुमार के खिलाफ आपराधिक धमकी, महिला पर हमला या उसके कपड़े उतारने के इरादे से आपराधिक बल का प्रयोग करना और गैर इरादतन हत्या का प्रयास जैसे अपराध के लिए आरोपी बनाया है। दिल्ली पुलिस ने उन्हें 18 मई को गिरफ्तार किया था।

चलते-चलते

## कुत्ते भी लगाएंगे 'परफ्यूम'

**एजेंसी । वेनिस**

फैशन शो से लेकर पानी की लहरों पर सर्फिंग करने वाले पालतू कुत्तों के लिए इटली के प्रतिष्ठित ब्रांड ने नया लग्जरी परफ्यूम लॉन्च किया है। हालांकि गंध को लेकर संवेदनशील कुत्ते इसे पसंद करेंगे भी या नहीं इसपर विशेषज्ञों ने संदेह जाहिर किया है। डॉल्से एंड गब्बाना की बनाई गई इस परफ्यूम की कीमत नौ हजार रुपए रखी गई है। इटली के फैशन हाउस इसे मास्टरपीस बताया है। ब्रांड के सह-संस्थापक डोमेनिको डोल्से के पालतू पोमेरेनियन डॉग के नाम पर इस परफ्यूम का नाम रखा गया है। कंपनी ने कहा है कि इसपर पशु चिकित्सकों की ओर से मुहर लगा दी गई है । साथ ही कुत्तों पर इसका टेस्ट किया गया। कुत्तों ने इसका आनंद लिया है।



# जांच एजेंसी ने केजरीवाल के जमानत को चुनौती दी

## ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत के खिलाफ बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने ED से पूछा कि क्या जांच एजेंसी दिल्ली के मुख्यमंत्री को दोबारा गिरफ्तार करना चाहती है। बार एंड बेंच के मुताबिक, ED से यह सवाल जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने किया है। उन्होंने कहा कि मैं असमंजस में हूं। आखिर आप (ED) करना क्या चाहते हैं? ED की ओर से पेश हुए वकील विवेक गुरनानी ने कोर्ट को बताया कि ASG एसवी राजू दूसरे केस में व्यस्त हैं, इसलिए कोर्ट इस केस को कल या किसी और दिन सुनवाई कर ले। केजरीवाल की ओर से पेश हुए वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि यह सरासर उत्पीड़न का मामला है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है। फिलहाल मामले की अगली सुनवाई की तारीख अभी नहीं आई है।



### राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी

दरअसल, 20 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। 21 जून को ED ने हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी। 25 जून को इस पर सुनवाई हुई। ED ने तब हाईकोर्ट से कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने हमारा पक्ष ठीक से नहीं सुना। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा- सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। कोर्ट ने कहा- फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत को ED को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। दिल्ली CM केजरीवाल पर ED के अलावा CBI का केस भी चल रहा है। शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर CBI ने उन्हें 26 जून को गिरफ्तार किया था। 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को ED के केस में अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर दिया था। इस पर सुनवाई की तारीख सामने नहीं आई है।

# अदालत ने जमानत याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल में बंद बेसमेंट के चार सह-मालिकों की जमानत याचिका पर बुधवार को सीबीआई को नोटिस जारी किया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चंदाना ने केंद्रीय जांच एजेंसी को नौ अगस्त तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोपियों में परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल हैं। अदालत ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि चूंकि एफआईआर की प्रति अदालत के सामने नहीं लाई गई है, इसलिए वह आरोपी व्यक्तियों द्वारा दायर जमानत याचिका पर फैसला नहीं कर सकती है।




दिल्ली हाईकोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में हुई मौतों की जांच पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी है। अदालत ने सरकारी वकील द्वारा यह बताए जाने पर कि दिल्ली पुलिस से मामले को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और एजेंसी द्वारा अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है, सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

# ढाका से स्वदेश लौटे 400 भारतीय

- एयर इंडिया और इंडिगो के विशेष विमान से स्वदेश पहुंचे भारतीय
- उच्चायोग में गैर-जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारी परिवार समेत लौटे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हिंसाग्रस्त बांग्लादेश से बुधवार को 400 भारतीय स्वदेश लौट आए। भारतीयों की वापसी के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने ढाका के लिए विशेष उड़ान संचालित की थीं। एक अधिकारी ने बताया कि एयर इंडिया के विमान से सुबह छह बच्चों समेत 205 लोग जबकि इंडिगो के विमान से करीब 200 लोग भारत लौट आए। ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में गैर-जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मी और उनके परिवार के सदस्य भी वापस आ गए हैं। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि ए321 नियो विमान से संचालित चार्टर्ड उड़ान मंगलवार रात ढाका से रवाना हुई थी। इसके जरिए छह बच्चों और 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को बुधवार सुबह भारत लाया गया। एक अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया ने ढाका में हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद बेहद कम समय में विशेष उड़ान का संचालन किया। वहीं, इंडिगो ने एक बयान में कहा, ढाका हवाई अड्डे के अस्थायी रूप से बंद होने के बावजूद इंडिगो ने ढाका से कोलकाता के लिए विशेष उड़ान 6ई 8503 संचालित की। इसमें करीब 200 लोग थे। एयरलाइन ने यह भी कहा कि भारत और ढाका के बीच उड़ानों का संचालन दोबारा शुरू होगा। कंपनी ने सभी प्रभावित लोगों से संपर्क किया है, साथ ही उन्हें वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की पेशकश की है। इंडिगो ढाका के लिए दिल्ली, मुंबई और चेन्नई से एक दैनिक उड़ान, जबकि कोलकाता से दो दैनिक उड़ान संचालित करती है। एयर इंडिया दिल्ली से ढाका के बीच अपनी दो दैनिक उड़ानों का संचालन बुधवार से बहाल करेगी। विस्तारा भी जल्द ढाका के लिए उड़ानों का संचालन करेगी।



### भारतीय मिशन से कई और कर्मचारी लौटेंगे

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों ने कहा, उच्चायुक्त समेत सभी भारतीय राजनयिक ढाका में मौजूद हैं तथा वहीं से कार्य कर रहे हैं। उच्चायोग पहले की तरह काम कर रहा है। उच्चायोग ने हेल्पलाइन नंबर 8801958383679 8801958383680 8801937400591 जारी किए हैं। सूत्रों ने कहा, बांग्लादेश में अन्य भारतीय मिशन में गैर-जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मी भी जल्द लौट सकते हैं। ढाका में उच्चायोग के अलावा चटगांव, राजशाही, खुलना और सिलहट में भारत के सहायक उच्चायोग हैं।

### गायक राहुल आनंद का घर फूंका, सामान लूट ले गए

बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच लोकप्रिय लोक बैंड 'जोलर गान' के प्रमुख राहुल आनंद के आवास पर बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की गई। इसके बाद गायक और उनके पूरे परिवार को एक गुप्त स्थान पर शरण लेनी पड़ी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में 'जोलर गान' के संस्थापक सदस्यों में से एक सैफुल इस्लाम के हवाले से बताया गया कि भीड़ ने आनंद के आवास का मुख्य प्रवेश द्वार तोड़ने के बाद तोड़फोड़ और लूटपाट शुरू कर दी। उनके घर का फर्नीचर, शीशों से लेकर कीमती सामान तक लूट ले गए। भीड़ ने राहुल आनंद के करीब तीन हजार संगीत वाद्य यंत्रों के साथ पूरे मकान को आग के हवाले कर दिया।

# वायनाड भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्रः राहुल गांधी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से केरल के वायनाड में भूस्खलन को बुधवार को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों और घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे में वृद्धि की मांग करते हुए केंद्र व राज्य सरकारों के साथ सेना, पुलिस, एनडीआरएफ और मदद के लिए आगे आए समाज के सभी वर्गों को धन्यवाद भी दिया। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पीड़ितों की मदद के लिए विभिन्न विचारधारा और समुदायों के लोग आगे आए हैं। उन्होंने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ कुछ दिन पहले वायनाड का दौरा किया था और आपदा के बाद भयावह विनाश तथा पीड़ा के मंजर को देखा। उन्होंने कहा कि करीब दो किलोमीटर तक पहाड़ ढह गया।



### मदद के लिए राज्यों और एजेंसियों को सराहा

राहुल ने कहा कि इस आपदा में 200 से अधिक लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। उन्होंने आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों में हिस्सा लेने वाली सभी एजेंसियों की तारीफ करते हुए तमिलनाडु, कर्नाटक तथा तेलंगाना राज्यों की ओर से की गई मदद की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस आपदा में विभिन्न विचारधाराओं के लोग मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने सदन को भी वायनाड के लोगों की आवाज उठाने के लिए धन्यवाद दिया। कांग्रेस सांसद ने केंद्र सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि वायनाड के लिए समग्र पुनर्वास पैकेज में सहयोग करे, जिसमें आपदा से निपटने के लिए अवसंरचना निर्माण और प्रभावित समुदायों की मदद शामिल हो।